

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -08 जबलपुर, बुधवार 05 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## चैतन्य है मां नर्मदा की धारा, इसके दर्शन से होते हैं सभी धन्य-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां नर्मदा की धारा चैतन्य है, इसके दर्शन मात्र से ही सभी धन्य होते हैं। माँ नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा है। प्रदेश का सिंचाई रकबा 48 लाख हेक्टेयर से अधिक है, जिसमें से 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मां नर्मदा के जल से सिंचाई होती है। पारस पत्थर जैसे लोहे को सोना कर देता है, वैसे ही जल के पहुंचते ही सूखे खेत भी सोना ऊगलने लगते हैं। राज्य सरकार प्रदेश में सिंचाई के रकबे का तेजी से विस्तार कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए एक लाख 75 हजार करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई है, इससे प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-काली सिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाएं आरंभ होंगी। इन परियोजनाओं से एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य पूरा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हरदा जिले के छीपानेर में नर्मदा तट पर वेदगर्भा घाट के लोकार्पण अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरदा जिले में एक नई आईटीआई संस्था स्वीकृत करने और गोंदागांव में सरकारी खर्चे पर सर्वसुविधा युक्त गौशाला स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने 316 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। कार्यक्रम में डारा इंजीनियरिंग प्रायवेट लिमिटेड के मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पप्पू राम विश्नोई ने इस अवसर पर वैदिक विद्या पीठम् चिचोट के विकास के लिये 1 करोड़ रूपये देने की घोषणा की।

## नर्मदा जयंती पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने की मां नर्मदा की पूजा-अर्चना



जबलपुर(नगर प्रतिनिधि) प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नर्मदा जयंती पर आज सुबह गौरीघाट पहुँचकर पुण्य सलिला माँ नर्मदा के दर्शन किये और पूज्य दादा गुरु के सान्निध्य में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू भी उनके साथ थे। नर्मदा जयंती के अवसर पर मंत्री श्री पटेल सिद्धघाट में दादागुरू के साथ चल रहे नर्मदा परिक्रमावासियों के कार्यक्रम में भी शामिल हुये। उन्होंने सभी परिक्रमावासियों को नमन किया तथा नर्मदा जयंती और नर्मदा प्रगटोत्सव की बधाई दी। श्री पटेल ने कहा कि सिद्धघाट माँ नर्मदा के उन पुत्रों का साधना स्थल है जिसे हम साक्षात तौर पर दादा गुरु के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जीने के लिये जितनी चीजें जरूरी है उन सबका त्याग कर दादा गुरु ने जो जीवन समाज के सामने रखा वह कोई चमत्कार नहीं बल्कि माँ नर्मदा की ही कृपा है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नर्मदा ही एक मात्र ऐसी नदी है धरा की ढाल के विपरीत पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है

## तेरे बाप को..जिस सांसद का खरगे ने किया अपमान, भरी संसद में उसने उड़ा दी कांग्रेस की धज्जियां



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राज्यसभा में बोलते हुए पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे और सांसद नीरज शेखर ने कहा कि कुछ वरिष्ठ नेता ने जो वक्तव्य दिए उससे मैं व्यक्तिगत रूप से तो दुखी हूं ही मेरे अलावा देश का हर व्यक्ति उससे दुखी है। राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताने पर तंज कसते हुए नीरज शेखर ने कहा कि हमारे बीच खरगे जी बैठे हुए हैं। बहुत वरिष्ठ नेता हैं, मैं चाहता हूं कि वो अपने नेता को समझाएं कि राष्ट्रपति का अभिभाषण मनोरंजन के लिए नहीं होता है। ये बहुत संजीदा चीज है। इसमें चुटकुले नहीं होंगे कि मनोरंजन हो सके।

एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए नीरज शेखर ने कहा कि हम लोग एक सड़क पर जा रहे थे, ये 1995-96 की बात है। एक जगह सड़क खराब है। 1 किलोमीटर तक सड़क खराब है। बिहार में कानून व्यवस्था का क्या हाल था, आप सभी अच्छी तरह जानते हैं। बिहार में आज जो सड़के हैं सभी देख ले। जितना विकास हुआ है नीतीश जी की सरकार ने किया है। हमारे कुछ साथी बड़े उत्तेजित हो रहे हैं। परिवारवाद पर तंज कसते हुए नीरज शेखर ने कहा कि हो सकता है कि कुछ परिवारों का विकास हुआ

## जब सत्ता सेवा बन जाए, तो राष्ट्र निर्माण होता है, राहुल के आरोपों पर बोले प्रधानमंत्री, हम संविधान को जीते हैं



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम संविधान को जीते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में जो धाराएं हैं, एक स्पिरिट भी है। मोदी ने कहा कि संविधान को मजबूती देने के लिए संविधान की भावना को जीना पड़ता है। हम वो लोग हैं जो संविधान को जीते हैं। मोदी ने कहा कि 2014 में जब हम आए, तब मान्य विपक्ष नहीं था। उतने अंक लेकर भी कोई नहीं आया था। भारत के अनेक कानून ऐसे थे कि हमें पूरी स्वतंत्रता थी उस कानून के हिसाब से काम करने की। अनेक कमेटियां भी ऐसी थीं, जिसमें लिखा था विपक्ष के नेता उसमें आएंगे, लेकिन विपक्ष कोई था ही नहीं।

प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि ये हमारा संविधान जीने का स्वभाव था, हमने तय किया कि भले मान्य विपक्ष नहीं होगा, लेकिन जो सबसे बड़े दल का नेता है, उसे मीटिंग्स में बुलाएंगे। उन्होंने कहा कि जब सत्ता सेवा बन जाए, तो राष्ट्र निर्माण होता है। जब सत्ता को विरासत बना दिया जाए, तो लोकतंत्र खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम संविधान की भावना को लेकर चलते हैं, हम जहर की राजनीति नहीं करते हैं। हम देश की एकता को सर्वोपरि रखते हैं और इसलिए सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाते हैं। जो दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि सात दशक तक जम्मू-कश्मीर-लद्दाख को संविधान के अधिकारों को अलग रखा गया। ये संविधान के साथ भी अन्याय था और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख के साथ भी अन्याय था। हमने अनुच्छेद 370 की दीवार गिरा दी। अब जम्मू-कश्मीर-लद्दाख को देशवासियों को जो अधिकार हैं, वो अधिकर उन्हें मिल रहे हैं। हम संविधान के महात्म्य को जानते हैं। संविधान की भावना को जीते हैं, इसलिए ऐसे मजबूत निर्णय भी हम करते हैं। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जाति की बातें करना कुछ लोगों का फैशन बन गया है। पिछले 30 साल से सदन में आने वाले ओबीसी समाज के सांसद दलों के भेदभाव से ऊपर उठकर एक होकर मांग कर रहे थे कि ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया जाए।

## इंदौर के 2 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, बच्चों को घर भेजा, तमिलनाडु से आया ईमेल



इंदौर।(आरएनएस)। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के 2 स्कूलों में बम की धमकी का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, एनडीपीएस और आईपीएस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। प्रिंसिपल को तमिलनाडु से भेजे गए ईमेल में धमकी दी गई है। तत्काल पुलिस को सूचित किया गया। बम स्क्वाड दस्ता भी मौके पर पहुंच गया है। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल स्कूल खाली करवाया लिया। बच्चों को घर भेज दिया गया है। इस बीच, आज ही गाजियाबाद के एक स्कूल को हाइड्रोजन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। शालीमार गार्डन स्थित सेंट मैरी क्रिश्चियन स्कूल को भेजे गे ई-मेल में लिखा गया है कि स्कूल में हाइड्रोजन बम रखा गया है। ईमेल सुबह 9 बजे मिला। उस समय स्कूल खुल चुका था। जानकारी मिलने पर हड़कंप मच गया। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को बाहर निकालकर पुलिस को बुलाया। करीब डेढ़ घंटे तक स्कूल की तलाश की गई, लेकिन कुछ नहीं मिला।

## किसान ने कलेक्टोरेट में खुद पर डाला केरोसिन, पुलिसकर्मियों ने बोतल छीनी



रतलाम (आरएनएस)। कलेक्टर कार्यालय परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब जमीन विवाद को लेकर ज्ञापन देने आए एक किसान दशरथ पुत्र रामचंद निवासी नामली ने आत्महत्या करने के लिए अपने शरीर पर मिट्टी का तेल डाल लिया। वह आग लगा पाता, उसके पहले ही पुलिसकर्मियों ने उससे मिट्टी के तेल की बोतल छीनकर उसे एक तरफ कर समझाइश दी।उसका तथा उसके भाइयों का आरोप है कि उनकी पैतृक जमीन की कुछ लोगों ने फर्जी रजिस्ट्री व नामांतरण करा लिया है। प्रशासन उनकी सुनवाई नहीं कर रहा है, इसलिए यह कदम उठाया जा रहा था। दशरथ व उसके भाई गोपाल, नंदराम, विक्रम व ईश्वर स्वजन व अन्य लोगों के साथ कलेक्टर कार्यालय में दोपहर करीब 12.45 बजे ज्ञापन देने आए थे।

## फतेहपुर में बड़ा रेल हादसा टला, एक ही ट्रैक पर आपस में भिड़ीं 2 मालगाडियां, लोको पायलट घायल



फतेहपुर. (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में बड़ा रेल हादसा होने से टल गया. जिले के खागा कोतवाली क्षेत्र के पांभीपुर के पास एक ही ट्रैक पर दो मालगाडियों की टक्कर हो गई. इस घटना में एक मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे के दौरान मालगाड़ी के चालक और सहचालक घायल हो गए. दोनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया. फिलहाल स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है और ट्रेन सेवाएं सामान्य हो गई हैं. रेलवे प्रशासन इस घटना के कारणों की जांच कर रहा है.

### 45 मिनट का भाषण और 34 बार चीन का नाम, बीजेपी ने राहुल गांधी को बताया जिनपिंग, पूछा- ये रिश्ता क्या कहलाता है?

नई दिल्ली-(आरएनएस)। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए राहुल गांधी ने कहा कि विनिर्माण का काम चीन की कंपनियों को दे दिया गया है। राहुल गांधी ने मोबाइल फोन दिखाते हुए कहा, ''यह मेड इन इंडिया नहीं, बल्कि 'असेंबल्ड इन इंडिया' है।'' भारत की रक्षा तैयारियों पर चिंताओं को उजागर करते हुए, उन्होंने चेतावनी दी कि संघर्ष की स्थिति में, देश चीनी निर्मित घटकों पर निर्भर रहेगा। राहुल गांधी ने कहा कि चीन भारत के अंदर बैठा है क्योंकि मेक इन इंडिया पहल विफल हो गई है। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इसका खंडन किया है और सेना ने प्रधानमंत्री का खंडन किया है कि चीन हमारे क्षेत्र के 4000 वर्ग किमी पर बैठा है।

लोकसभा में अखिलेश यादव का भाजपा पर तंज, कहा

## डबल इंजन सरकार में टकराने लगे हैं इंजन



नई दिल्ली. (आरएनएस)। संसद में बजट सत्र के चौथे दिन आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा चल रही है. इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने स्पीच दी, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से कई सवाल पूछे. उन्होंने महाकुंभ में मची भगदड़ और उसमें हुई मौतों पर योगी सरकार को निशाने पर लिया. उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में अब इंजन भी टकराने लगे हैं. पिछले साल उत्तर प्रदेश में हुए ट्रेन हादसों और आज सुबह फतेहपुर में हुए मालगाड़ी हादसे को लेकर योगी सरकार और भाजपा पर यह तंज कसा. उन्होंने कहा कि साजिश को छिपाना अपराध है. योगी सरकार यह बताए कि उसने मौत के आंकड़े दबाए, छिपाए क्यों? महाकुंभ में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार फेल हो गई. इसलिए महाकुंभ की जिम्मेदारी सेना को सौंपी जानी चाहिए. महाकुंभ में सभी व्यववस्थाएं सेना के हवाले कर देनी चाहिए. अखिलेश ने कहा कि धर्मनगरी प्रयागराज में गंगा किनारे शव पड़े थे और ऊपर से फूल बरसाए जा रहे थे. यह शर्मनाक बात है. जेसीबी से शव हटाए गए,

विश्व हिंदू परिषद ने सपा सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

## जया बच्चन को किया जाना चाहिए गिरफ्तार

नई दिल्ली-(आरएनएस)। विश्व हिंदू परिषद ने महाकुंभ में भगदड़ के बाद 30 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत के बाद %प्रयाग्रराज में गंगा नदी में शव% वाली टिप्पणी पर समाजवादी पार्टी सांसद जया बच्चन की गिरफ्तारी की मांग की है। विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने कहा कि झूठे और असत्य बयान देकर सनसनी फैलाने के आरोप में जया बच्चन को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ आस्था और भक्ति की रीढ़ है जहां व्यक्ति को धर्म, कर्म और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस महान अनुष्ठान से करोड़ों भक्तों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

इससे पहले समाजवादी पार्टी सांसद और राज्यसभा सदस्य जया बच्चन ने महाकुंभ मेले की आलोचना करते हुए दावा किया कि गंगा का पानी अत्यधिक प्रदूषित है।

ओवैसी के इंच-इंच वाले बयान पर गिरिराज सिंह का पलटवार

## किसी के पिता जी का नहीं है भारतीय संविधान



नई दिल्ली-(आरएनएस)। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि भारत का संविधान किसी के पिता जी का संविधान नहीं है। ओवैसी गलतफहमी में न जिएं। उन्होंने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम। उन्होंने लोगों के मन में काफी डर पैदा कर दिया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर मंगलवार को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान किसी व्यक्ति विशेष का नहीं है और ओवैसी को इससे इनकार नहीं करना चाहिए। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रस्तावित विधेयक कानून का पालन करते हुए चलेगा, क्योंकि कोई भी इससे ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान किसी का नहीं है और असदुद्दीन ओवैसी को इससे इनकार नहीं करना चाहिए। नरेंद्र मोदी भारत के प्रधान मंत्री हैं और कानून कायम रहेगा। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि भारत का संविधान किसी के पिता जी का संविधान नहीं है। ओवैसी गलतफहमी में न जिएं। उन्होंने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम। उन्होंने लोगों के मन में काफी डर पैदा कर दिया है। वक्फ बोर्ड कानून के मुताबिक काम करेगा। इससे पहले एआईएमआईएम नेता और हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार को चेतावनी दी है कि वक्फ संशोधन विधेयक को मौजूदा स्वरूप में लागू करने से सामाजिक अस्थिरता पैदा हो सकती है। अपनी चिंताओं पर जोर देते हुए, ओवैसी ने सरकार को विधेयक पर आगे बढ़ने के प्रति आगाह किया। वक्फ संशोधन बिल को संयुक्त संसदीय समिति ने 14-11 वोटिंग से मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे संसद में पेश किए जाने की संभावना है।

सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को क्यों लगाई फटकार

## लोगों को हमेशा के लिए हिरासत केंद्रों में नहीं रख सकते



नई दिल्ली-(आरएनएस)। असम सरकार ने दलील दी कि निर्वासन संभव नहीं है क्योंकि अवैध अप्रवासियों के मूल देश के पते ज्ञात नहीं हैं। इस पर शीर्ष अदालत ने केंद्र और असम से उन लोगों के लिए निर्वासन नीति बताने को कहा जिनकी मूल राष्ट्रीयता ज्ञात नहीं है। अदालत ने केंद्र को अवैध विदेशी के रूप में निर्वासित लोगों और हिरासत केंद्रों में रखे गए लोगों की संख्या पर डेटा प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। इसने केंद्र और असम से यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि हिरासत केंद्रों में रहने वालों को उचित सुविधाएं दी जाएं।

सुप्रीम कोर्ट ने विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित नहीं करने और उन्हें अनिश्चित काल तक हिरासत केंद्रों में रखने के लिए मंगलवार को असम सरकार और केंद्र को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने असम सरकार से पूछा कि क्या वह किसी मुहूर्त (शुभ समय) का इंतजार कर रही है और उसे 2 सप्ताह के भीतर हिरासत केंद्रों में रखे गए 63 लोगों का निर्वासन शुरू करने का निर्देश दिया। डिटेंशन कैंपों में अनिश्चितकालीन हिरासत बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन है।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बरेला चौकी गौर में मारपीट मे घायल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को प्रदुम्य यादव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम पिण्डरई ने बताया कि वह चाय की दुकान चलाता है शाम लगभग 4-30 बजे वह एवं उसके पापा मिथलेश यादव समाधि मेला में चाट की दुकान लगाये हुये थे जहॉ लकी पटैल सुहागी वाला आकर उसकी चाट दुकान में चाट खाया और पैसे दिये बिना जाने लगा, उसने चाट के 20 रूपये मांगा तो रूपये देने से मना किया एवं उसके पापा के साथ गाली गलौज करन लगा, उसने गालियां देने से मना किया

**मां नर्मदा के प्राकट्योत्सव पर लोक निर्माण मंत्री मां नर्मदा का रथ खींचते हुए पहुंचे नर्मदा तट-संतो की उपस्थिति में ग्वारीघाट के उमाघाट में 11 सौ फीट लंबी चुनरी की अर्पित**

# मां नर्मदा की अविरल धारा जीवन के साथ समृद्धि और खुशहाली देती है, इसलिए संकल्प ले कि मां की धारा स्वच्छ और निर्मल बनी रहे- राकेश सिंह







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पुण्य सलिला जीवनदायिनी मां नर्मदा की अविरल धारा हमे जीवन देने के साथ ही हमारे जीवन में समृद्धि और खुशहाली देती है, हम सौभाग्यशाली है कि मां के तट के किनारे हमे रहने का अवसर हमे मिला इसीलिए आज उनके प्राकट्योत्सव पर हमे मिलकर संकल्प लेना होगा की मां नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल रखेंगे और दूसरो को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे, यह बात लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने मां नर्मदा प्राकट्योत्सव के अवसर पर नर्मदा तट ग्वारीघाट में कही।

नर्मदा प्राकट्योत्सव पर संतो के सानिध्य और लोक निर्माण मंत्री के नेतृत्व में रेतनाका से ग्वारीघाट तक मां नर्मदा की प्रतिमा को विराजित कर रथयात्रा निकाली गई। पूरे यात्रा मार्ग में मंत्री श्री सिंह नंगे पैर प्रारंभ स्थल से ग्वारीघाट तक रथ को खींचते हुए गए।

श्री सिंह ने जबलपुर सहित प्रदेश के सभी निवासियों को नर्मदा जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा मां नर्मदा जी मात्र नदी ही नहीं हैं, बल्कि कंकर-कंकर में शंकर को प्रकट करने वाली हैं, अपने पावन तट पर आद्य जगतगुरु शंकराचार्य जी को सनातन संस्कृति को दिशा देने वाली रचनाओं की प्रेरणा प्रदान करने वाली हैं, साथ ही अन्नदाताओं को समृद्धि प्रदान करने वाली हैं।

उन्होंने कहा पवित्र नदियों में स्नान से पुण्य फल प्राप्ति की मान्यता है, जबकि मां नर्मदा के दर्शन से ही कहीं ज्यादा पुण्य मिल जाता है। कल-कल, छल-छल प्रवाहित अविरल धारा हमें जीवन, समृद्धि और खुशहाली देती है, साथ ही सतत आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी मिलती है। सहायक नदियों को समाहित करती मां नर्मदा आगे बढ़ती हैं और मानों संदेश देती हैं कि हम सभी को साथ लेकर चलें। मां नर्मदा की प्रेरणा से जब हम सृजन के लिए आगे बढ़ते हैं तो समाज का हर वर्ग साथ देने आता है।

मंत्री श्री सिंह सिर पर मां नर्मदा की प्रतिमा धारण कर पूरी सीढ़ी उतरकर पहुंचे तट- रथयात्रा ग्वारीघाट पहुंचने पर मंत्री श्री राकेश सिंह ने अपने सिर पर मां नर्मदा की प्रतिमा रखकर पूरी सीढ़िया उतरकर उमाघाट पहुंचे इसके उपरांत मां नर्मदा का पूजन और आरती की गई।

11 सौ फीट चुनरी मां को अर्पित - ग्वारीघाट स्थित उमागाहट में संतो के सानिध्य में श्री सिंह ने जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर मां नर्मदा का पूजन अर्चन किया इसके उपरांत मां नर्मदा के इस छोर उमाघाट से दूसरे छोर गुरुद्वारे तक 11 सौ फीट लंबी चुनरी अर्पित की। श्री सिंह के निर्देश पर मां नर्मदा को चुनरी अर्पित करने हेतु इस बार विशेष व्यवस्था की गई थी जिसमे दोनो छोर पर बेस बनाकर पोल लगाए गए थे जिसमे तार के माध्यम से इस छोर से दूसरे छोर तक आसानी से चुनरी अर्पण की गई।

पैदल पहुंचे और पैदल ही वापस लौटे मंत्री - मां नर्मदा जन्मोत्सव के अवसर पर ग्वारीघाट में आयोजित कार्यक्रम में पैदल रथ लेकर पहुंचे लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह पूजन अर्चन के बाद पैदल ही पार्किंग स्थल तक पहुंचे। गौरतलब है कि मंत्री श्री सिंह ने पूर्व में ही घोषणा की थी कि मां नर्मदा के तट वह पैदल जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। मंत्री श्री सिंह ने नागरिकों से भी आग्रह किया था कि असुविधा से बचने हेतु पार्किंग में वाहन खड़ा कर पैदल घाट जाए। मंत्री श्री सिंह के निर्देश पर प्रशासन ने जो व्यवस्था की थी उसका परिणाम था कि इस बार नर्मदा तटों किसी भी तरह की परेशानी का सामना श्रद्धालुओं को नही करना पड़ा।

भंडारों और पूजन साम्रगी की दुकानों के लिए चिन्हित हुए स्थल - इस वर्ष मां नर्मदा प्राकट्य उत्सव में मंत्री श्री सिंह के निर्देश पर घाट पर होने वाले भंडारों पर प्रतिबंध लगाते हुए भंडारों के लिए झंडा चौक से आयुर्वेदिक कॉलेज तक स्थल आवंटित किए गए और सभी भक्तो ने वही पर भोग प्रसाद ग्रहण किया इससे जगह जगह गंदगी नही हुई और न ही घाटों पर प्रसाद बिखरा।


लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कहा मां नर्मदा हम सभी की जीवन दायिनी है और मां के प्राकट्य उत्सव में पूरे श्रद्धा भाव से श्रद्धालु नर्मदा तट आते है इसीलिए इस वर्ष तटों को अतिक्रमण मुक्त रखने के साथ ही भंडारों के लिए अलग से स्थान, पार्किंग स्थल से पैदल जाने की व्यवस्था और बुजुर्गो व दिव्यांगजनों हेतु ई रिक्शा की व्यवस्था की गई थी। शुरुआत में जरूर इन व्यवस्थाओं के लिए विरोध हुआ पर जब इन व्यवस्थाओं से जबलपुर और आसपास से आने वाले श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन और पूजन किया तब उन्हे भी यह व्यवस्थाएं उचित लगी। इस अवसर पर पूज्य स्वामी गिरिशानंद जी महाराज, पूज्य कालीनंद जी, पूज्य राम भारती जी, पूज्य बुधेश्वरानंद जी महाराज के साथ नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, लेखराज सिंह मुन्ना, पंकज दुबे, रजनीश यादव, अभय सिंह, अरविंद पाठक, ओंकार दुबे, मनीष दुबे, कौशल सूरी, योगेंद्र सिंह ठाकुर रूपा राव, संतोष यादव, शैलेंद्र विश्वकर्मा, प्रणय गुप्ता, प्रशांत दुबे गुल्लन, शारदा कुशवाहा, मालती चौधरी, डॉक्टर संजय चौधरी , सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पंकज कुमार वर्मा को रेलवे का मैन ऑफ द मंथ अवार्ड

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर पदस्थ लोको पायलट (शंटिंग) श्री पंकज कुमार वर्मा को गत दिवस रेलवे अधिकारियों ने जनवरी माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी घोषित करते हुए उसे मैन ऑफ द मंथ का खिताब प्रदान किया गया । जबलपुर रेलवे स्टेशन पर पदस्थ स्टेशन निदेशक श्री अखिलेश कुमार नायक द्वारा पिछले दिनों स्टेशन के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था कि श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों के कार्य का आकलन करके सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को मैन ऑफ द मंथ का खिताब प्रदान किया जाएगा। इसी कड़ी में जनवरी माह में स्टेशन के सभी कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा के उपरांत पंकज कुमार वर्मा को उसके श्रेष्ठ कार्य के लिए मैन ऑफ द मंथ के पुरस्कार से नवाजा गया।

# कछियाना मे स्थित जय माता महाकाली मंदिर का 22 वां स्थापना दिवस बसंत पंचमी की पवान बेला पर बड़े हर्ष उल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 3 फरवरी 2025 को जवाहरगंज वार्ड लार्डगंज थाना के पीछे कछियाना मे स्थित जय माता महाकाली मंदिर का 22 वां स्थापना दिवस बसंत पंचमी की पवान बेला पर बड़े हर्ष उल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया।

इस आयोजन के संरक्षक अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक माननीय लखन घनघोरिया जी, एवं पूर्व विधायक माननीय विनय सक्सेना जी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा जी, एवं

इस आयोजन मे वरिष्ठ युवा समाजसेवी जय घनघोरिया जी, समाजसेवी मनोज नामदेव, नयन रजक जी, पार्षद हर्षित यादव जी, संतोष दुबे पंडा जी, पूर्व पार्षद चक्रेश नायक जी , प्रमोद पटेल जी, बबलू शरद नामदेव जी , शैलेंद्र गुप्ता जी , अलोक श्रीवास्तव जी , बड़ी महाकाली समिति के अध्यक्ष शशिकांत गुप्ता मुन्ना जी , समर यादव जी , सुरेन्द्र राठोर जी, सहित गणमान्य जन की उपस्थिति में विशाल भंडारा कराया गया रात्रि 8 बजे भराभुजा मोहल्ला शीतला माई मंदिर शंकर घी भंडारा से विशाल केक यात्रा जिस में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं बुजुर्ग बच्चे गणमान्य जन केक यात्रा मे सम्मिलित थे ।

जय माता महाकाली समिति के अध्यक्ष पंडित शैलेंद्र त्रिपाठी, बालाजी ट्रांसपोर्ट ग्रुप के संचालक युवा समाजसेवी रत्नेश अग्रवाल, राहुल नामदेव, शैलू जयसवाल, राहुल पटेल, अमित सोनी, पवन जायसवाल, अर्पित दुबे श्रीमती ज्योति त्रिपाठी, राहुल भिंसे, मोनू कोरी, सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# रानी कमलापति-गाजीपुर सिटी-रानी कमलापति कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा हेतु महाकुम्भ-2025 के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा रानी कमलापति-गाजीपुर सिटी-रानी कमलापति कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। इस कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच होंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में ओबेदुल्ला गंज, नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, बनखेड़ी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

रानी कमलापति-गाजीपुर सिटी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति-गाजीपुर सिटी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 05 एवं 08 फरवरी 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 15:40 बजे प्रस्थान कर ट्रेन जबलपुर एवं प्रयागराज छिवकी सहित अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सुबह 11:50 बजे गाजीपुर सिटी स्टेशन पहुंचेगी। (02 ट्रिप) गाजीपुर सिटी-रानी कमलापति कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 01664 गाजीपुर सिटी-रानी कमलापति कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 06 एवं 09 फरवरी 2025 को गाजीपुर सिटी स्टेशन से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान कर, प्रयागराज छिवकी एवं जबलपुर सहित अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सुबह 11:40 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। (02 ट्रिप) गाड़ी के हाल्ट- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में ओबेदुल्ला गंज, नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, बनखेड़ी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी एवं जौनपुर जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस मेला स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

यात्री मेला स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## रितेश शर्मा हाईकोर्ट में पैनल अधिवक्ता नियुक्त



जबलपुर. सिविल, क्रिमनल, बैंकिंग व पारिवारिक मामलों में विशेष महारत रखने वाले अधिवक्ता रितेश शर्मा को हाईकोर्ट में पैनल अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया है. नियुक्ति पर एडवोकेट आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, पंकज पाण्डेय, आलोक अवस्थी, अपूर्व त्रिवेदी, गुलाब सिंह आदि अधिवक्ताओं ने बधाई दी है.

# मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की उपेक्षा दूर करवाने अजय सिंह राहुल को मुस्लिम विकास परिषद ने दिया ज्ञापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म.प्र. की भाजपा सरकार द्वारा मुस्लिम बहुल क्षेत्रो की उपेक्षा किये जाने पर म.प्र. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मंत्री अजय सिंह राहुल के नगरागमन पर चाय पे चर्चा के दौरान म.प्र.कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री राशिद सुहेल सिद्दीकी, वरिष्ठ पत्रकार हाजी मुईन खान की उपस्थिति मे मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी ने ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा गया कि भाजपा द्वारा मुस्लिम बहुल क्षेत्रो की उपेक्षा कर रही है। वहां के वाशिंदे सडक, बिजली, पानी, साफ-सफाई फ्लाई ओवर के लिये तरस रहे है। आधार कार्ड, आयुस्मान कार्ड, समग्र आईडी के शिविर न लगाये जाने से न तो नये कार्ड बन रहे है और न ही त्रुटि सुधार का कार्य हो पा रहा है। मुस्लिम क्षेत्रो मे कोई सुध लेने तैयार नही है, जिस कारण उन्हे योजनाओ का लाभ भी नही मिल पा रहा है। श्री राहुल द्वारा आश्वस्त किया गया कि मुसिलमों के साथ भेदभाव न हो इस संदर्भ में मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे।

ज्ञापन देने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राशिद सुहेल सिद्दीकी, वरिष्ठ पत्रकार हाजी मुईन खान, मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, एजाज उस्मानी, नूरूल्लाह खान, पत्रकार रफीक खान, एड.बहार अंसारी, एड.सलीम खान, डॉ.निसार अंसारी, एड.सैयद शहजाद हुसैन, मामूर गुड्डु, शेख निजामी, अब्दुल बाकी खान, हाशिम राजा, ताहिर खोकर, अशरफ शिराजी, बब्लू कुरैशी, मुज्जफर कुरैशी, पत्रकार आरिफ खान, फैजान कुरैशी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# पावर जनरेटिंग कंपनी की जेनको क्रिकेट लीग और महिला खेल प्रतियोगिता आज से होगी प्रारंभ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के तत्वावधान में जेनको क्रि?केट प्रतियोगिता व अन्य खेलों का उद्घाटन समारोह का आयोजन आज 5 फरवरी को दोपहर 1.00 बजे रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान में किया गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी करेंगे व विशिष्टि अतिथि पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी होंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह करेंगे। इस प्रतियोगिताओं में पावर जनेरटिंग कंपनी के मुख्यालय स्थित सभी कार्यालयों के कार्मिक शामिल हो रहे हैं।जेनको क्रिकेट लीग का पहला मैच आज टाइटन व चेलेंजर्स के मध्य खेला जाएगा। जेनको क्रि?केट लीग में पुरूष अभियंताओं व कार्मिकों की 6 टीमें रायल्स, लीजेन्ड्स, हिटर्स, वारियर्स, ग्लेडीएटर्स व चार्जर्स भाग ले रही हैं। जेनको क्रिकेट लीग में अधीक्षण अभियंताओं व इनसे उच्च पदों के कार्मिक की दो टीमें चेलेंजर्स व टाइटन भी मैदान में उतरेंगी। महिला कार्मिकों की दो टीमें वंडर वुमेन्स व पावर एंजेल्स बनाई गई हैं जिनके मध्य मुकाबला होगा। महिलाओं की स्पून लेमन रेस व चेयर रेस की स्पर्धाएं आज से शुरु हो रही हैं। रामपुर स्थि?त पाण्डुताल मैदान में क्रि?केट लीग के अंतर्गत प्रतिदिन दो मैचों का आयोजन होगा।

## युवा एकता कप 2025 का भव्य शुभारंभ 5 फरवरी को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एल.जी. ग्रुप एवं जबलपुर एनएसयूआई परिवार द्वारा आयोजित युवा एकता कप (रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल विधायक कप) का भव्य शुभारंभ 5 फरवरी 2025 को शाम 6 बजे पूर्व करिया पाथर, मारघटाई रोड, घमापुर, जबलपुर में होगा। आयोजक एड. पं. सागर शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष एनएसयूआई ने बताया कि यह टूर्नामेंट युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जबलपुर के विभिन्न क्षेत्रों से टीमें हिस्सा लेंगी, जो क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांचक अनुभव होगा। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं जबलपुर पूर्व विधानसभा के विधायक मान. श्री लखन घनघोरिया जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे इसके अलावा विशेष अतिथियों में कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा,नेता प्रतिपक्ष,अमरीश मिश्रा,दिनेश यादव, समाजसेवी राज शुक्ला,जय घनघोरिया भी उपस्थित रहेंगे। समिति के अदनान अंसारी,प्रतीक गौतम,सक्षम यादव,शफी खान, अनुराग शुक्ला,अंकित शुक्ला, सोनू मराठी,अमन शुक्ला,साहिल यूके,सनी सिंह,रॉबर्ट सन,शुभम् ठाकुर, अंकित कोरी,साहिल ठाकुर, आयुष विश्वकर्मा,गोल्डी पांडेय आदि ने प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उपस्थिति की अपील की है।



भोपाल -प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लागू होने के बाद से ही, प्रदेश में शिक्षा में आमूलचूल और व्यापक परिवर्तन हो रहे हैं। मध्यप्रदेश नए संकल्प के साथ, भारत केंद्रित शिक्षा और भारतीय दर्शन से समृद्ध शिक्षा की ओर सतत् आगे बढ़ रहा है। शिक्षा में व्यापक परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में, राज्य सरकार ने सीएम राइज योजना के अंतर्गत विद्यालय स्थापित किए हैं। निर्धनता, अब शिक्षा अर्जित करने में बाधा नहीं बन सकेगी। निर्धन अभिभावक का दर्द समझकर ही सीएम राइज योजना अंतर्गत विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं।





**सम्पूर्ण विश्व विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है**

# भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न आयामों पर शोध में शासन के साथ समाज को भी योगदान देना होगा - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ऋषि स्वरूप व्यक्तित्व के श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी ने दीपक के समान स्वयं जलकर विचारों का प्रकाश समाज को प्रदान किया। कृषि, श्रमिकों की स्थिति और स्वदेशी के क्षेत्र में उनका विचार उज्जवल नक्षत्र के समान हैं, जो समाज को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे। विद्यार्थी परिषद के संस्थापक सदस्य के रूप में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। वे हिंदुत्व को राष्ट्रीयता से आगे विश्व बंधुत्व के रूप में देखते थे। उनका मानना था कि चराचर जगत में हिंदुत्व के विचार का विस्तार मनुष्य, समाज, राष्ट्र और मानवता तक है। वर्तमान समय में उनके विचार अधिक समसामयिक हो जाते हैं, सम्पूर्ण विश्व विभिन्न समस्याओं में मार्गदर्शन और उनके समाधान के लिए भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है। भारत अपनी यह भूमिका प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा के आधार पर ही निभा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न आयामों पर शोध की आवश्यकता अधिक बढ़ जाती है, शोध के क्षेत्र में शासन के साथ-साथ समाज को भी योगदान देना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के नवीन परिसर भवन के भूमि-पूजन और कार्य आरंभ के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विचारक एवं लेखक श्री सुरेश सोनी सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बसंतोत्सव के अवसर पर लिंक रोड नंबर तीन पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा महाकाल के चित्र पर माल्यार्पण कर भूमि-पूजन एवं कार्य आरंभ में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भूमि-पूजन स्थल पर पौधा भी रोपा। उन्होंने मंचीय कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती तथा श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगडी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान की वार्षिक स्मारिका %संकेत रेखा% का विमोचन किया। इसके साथ ही संस्थान द्वारा दिनांक 01 से 03 मार्च 2025 तक आयोजित नेशनल रिसर्चर्स मीट के पोस्टर का भी विमोचन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत में विद्यमान गुरूकुल और विश्वविद्यालय भारतीय समाज के ज्ञान सामर्थ्य को अभिव्यक्त करते हैं। जीवन के प्रत्येक पल का उपयोग व्यक्ति समाज हित में कर पाए, यही भारतीय संस्कृति के अनुसार, जीते जी मोक्ष प्राप्ति की भावना है। भारतीय विचार, व्यक्ति को संघर्ष के स्थान पर प्रेम और बंधुत्व के लिए प्रेरित करते हैं। जनजातीय समाज सहित भारतीयता के विभिन्न पहलुओं पर समग्रता में शोध के लिए दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान जैसी पहल की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू नई शिक्षा नीति पुस्तकीय ज्ञान के स्थान पर व्यवहारिक अनुभूति को अधिक महत्व देती है। इसका उपयोग करते हुए मानवता के हित और लाभ सुनिश्चित करने वाले शोध की ओर अग्रसर होना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान का भूमि-पूजन ज्ञान की ऊर्जा और सामर्थ्य का उपयोग समाज हित में करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

विचारक एवं लेखक श्री सुरेश सोनी ने कहा कि श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी जी भारतीय ऋषि प्रज्ञा की अभिव्यक्ति थे। जीवन के सभी क्षेत्रों में भारतीय दर्शन को केन्द्र में रखना उनकी विशेषता थी। व्यक्तिगत जीवन से लेकर विश्व शांति के विषय उनके विचारों की परिधि में थे। विस्मरण और सही जानकारियां न होना भारतीय अकादमिक जगत की समस्या है। मैकाले की शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आत्मकेन्द्रितता, भोगवाद जैसे जीवन मूल्यों के स्थान पर त्याग, संयम, समर्पण जैसे भारतीय जीवन मूल्यों की स्थापना और भारतीय दृष्टिकोण को विकसित करना भारतीयता को समझने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कृति और शोध को भारत केन्द्रित करने की दिशा में समग्र प्रयास करने की आवश्यकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुसार उत्पादन में प्रचुरता, वितरण में समानता और उपभोग में संयम के त्रिसूत्र के आधार पर समाज और राष्ट्र का निर्माण करना होगा। इस उद्देश्य से शोध को दिशा देने की आवश्यकता है।

लेखक श्री सोनी ने कहा कि प्रकृति में जितना महत्व मनुष्य का है, उतना ही जीव जगत, वनस्पति, पर्वत और जल संरचनाओं आदि का भी है। यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि जो जितना विवेकशील है, प्रकृति के संधारण और सभी के हितों के संरक्षण में उसका दायित्व भी उतना अधिक है। इस दृष्टि से प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में मनुष्य का दायित्व बहुत अधिक बढ़ जाता है, यही भारतीय दृष्टि से देखने की प्रक्रिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान इस भारतीय मूल दृष्टि से बहु आयामी शोध गतिविधियों का विस्तार करेगा और मध्यप्रदेश, सम्पूर्ण देश में मौलिक शोध का प्रमुख केन्द्र बनेगा। उन्होंने इस उद्देश्य प्राप्ति में सभी से सहयोग का आव्हान किया।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि श्री ठेंगड़ी ने भारत केन्द्रित विचार क्रांति का प्रवाह किया। उनके किसानों, श्रमिकों के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान का भारतीय ज्ञान परम्परा को समृद्ध करने में विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश की शोध संस्थाएं भारतीय परम्पराओं में निहित वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सामने लाने में सहायक होंगी। शोध के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से नए आयाम स्थापित होंगे तथा प्रदेश में शोध का बेहतर वातावरण भी निर्मित होगा। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि श्रद्धेय ठेंगड़ी जी राष्ट्रभक्ति और आधुनिकता का अनूठा संगम थे।

वे देश का विकास भारतीय सनातन ज्ञान और शिक्षा के आधार पर करना चाहते थे। उनको समर्पित शोध संस्थान भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध पक्षों को समाज के सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दत्तोपंत ठेंगड़ी संस्थान के अध्यक्ष श्री अशोक पांडे ने कहा कि श्री ठेंगड़ी का व्यक्तित्व राष्ट्र धारा में परिष्कृत और परिमार्जित था। वे अपने विचारों से अंधकार पर प्रकाश, विपन्नता पर समृद्धि और अज्ञानता पर ज्ञान की विजय के लिए समाज को निरंतर प्रेरित करते रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा अकादमिक संस्थाओं के पदाधिकारी, विषय-विशेषज्ञ तथा शोधार्थी शामिल हुए।

# मध्यप्रदेश भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र है- राज्य मंत्री लोधी

भोपाल (आरएनएस) संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के नए अकादमिक भवन का लोकार्पण किया। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र है और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में हम सब इसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की तर्ज पर विकसित किया जायेगा।राज्य मंत्री श्री लोधी ने बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन कर भवन की गतिविधियों का शुभारंभ किया।



अकादमिक भवन के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान नाट्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने स्थानीय लोकगीतों की सुंदर प्रस्तुति दी। राज्य मंत्री श्री लोधी ने युवा कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की और उनका प्रोत्साहन करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद कहा करते थे सारी शक्ति अपने अंदर समाहित है, जरूरत है उसे पहचानने की और अपने आत्मबल को जगाने की। मंत्री श्री लोधी ने इस दौरान अकादमिक भवन का भ्रमण किया और सुविधाओं का जायजा लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला, संचालक संस्कृति श्री एन. पी. नामदेव, निदेशक श्री टीकम चंद्र जोशी, विद्यालय के शिक्षकगण, अलग-अलग क्षेत्रों के कलाकार एवं कलाप्रेमी उपस्थित रहे।

**महाकुंभ मेले के यात्रियों के लिए रीवा-प्रयागराज मार्ग में की गयी है समुचित व्यवस्थायें**

भोपाल -प्रयागराज में महाकुंभ मेला लगातार जारी है। महाकुंभ में तीन फरवरी बसंत पंचमी को विशेष पर्व स्नान को देखते हुए रीवा से होकर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिये जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई। इसी तरह माघ पूर्णिमा 12 फरवरी एवं महाशिवरात्रि 26 फरवरी को भी विशेष पर्व स्नान होंगे। इन दिनों भी लगाये गये शिविरों में विशेष व्यवस्था रहेगी।

रीवा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर रीवा-प्रयागराज मार्ग में 4 स्थानों पर अधिकारियों के दल तैनात करके तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जा रही हैं। तीर्थ यात्रियों के अस्थायी रूप से ठहरने, भोजन, पानी, जलपान, शौचालय, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियाँ रखी गयी हैं।

**बहुती नहर के उन्नयन के लिये 1700 करोड़ की राशि स्वीकृति का किया अनुरोध**

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने की सौजन्य भेंट



भोपाल (आरएनएस) केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा एवं सतना जिलों में संचालित बाणसागर परियोजना की बहुती नहर के आधुनिकीकरण के लिए केंद्र सरकार की मॉडर्नाइजेशन ऑफ कैचमेंट एरिया डेवलपमेंट योजना में 1700 करोड़ की राशि स्वीकृति का अनुरोध किया। परियोजना से 85 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि का विकास होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना से क्षेत्र के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं प्राप्त होंगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए बहुती नहर के उन्नयन की महती आवश्यकता है। नहर के वर्तमान निर्माण से कई स्थानों पर कमांड क्षेत्र का लेवल अत्यधिक ऊंचा है। इस स्थिति को सुधारने के लिए आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और केंद्र सरकार से इस दिशा में आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि परियोजना से रीवा संभाग के किसानों को समृद्धि की नई राह मिलेगी।

# शादी के दो दिन बाद ही भागने लगी दुल्हन, दूल्हे ने पकड़ा

उज्जैन (आरएनएस)। गायत्री नगर में रहने वाले युवक ने जलगांव की युवती से चिंतामण मंदिर में शादी की। दो दिन रुकने के बाद युवती सामान समेटकर घर से भागने लगी। उसने परिजन के साथ मिलकर युवती को पकड़ा। पूछताछ की युवती की सच्चाई सामने आ गई। उसे युवक ने चिमनगंज थाना पुलिस के सुपुर्द कर तीन महिलाओं के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने बताया कि गायत्री नगर आगर रोड़ में रहने वाले 32 वर्षीय अखिलेश पिता रमेशचंद्र पाटीदार के परिजन उसकी शादी के लिए लड़की की तलाश कर रहे थे। इसी बीच उसे पुष्पा सोनी निवासी शाजापुर का मोबाइल नंबर मिला। उसने संपर्क किया तो पुष्पा ने कहा मेरे परिचय में जलगांव की बेबीबाई पाटिल है जो रुपए लेकर शादी कराती है। अखिलेश ने उससे बात करने को कहा। पुष्पा ने एक युवती का फोटो अखिलेश को दिखाया। उसका नाम सोनाली पाटिल निवासी जलगांव बताया। फोटो देखकर उसे लड़की पसंद आ गई। पुष्पा ने कहा कि लड़की वाले को 3 लाख 50 हजार रुपए देना होंगे। अखिलेश ने दो किश्तों में रुपए दिए। 30 जनवरी को सोनाली पाटिल सामान समेटकर घर से भागने की फिराक में थी।

# पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



जबलपुर- नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर स्थित पशु परजीवी विज्ञान विभाग में पांच दिवसीय (3 से 7 फरवरी 2025) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए 20 कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारियों को संक्रामक पशु रोगों के निदान हेतु पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इससे वे अधिक सटीक, त्वरित और प्रभावी तरीके से रोगों की पहचान और उपचार कर सकेंगे, जिससे प्रदेश के पशुपालकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार होने से उनकी उत्पादकता में वृद्धि होगी, आर्थिक नुकसान में कमी आएगी और पशुपालकों की आय में सकारात्मक वृद्धि होगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु (प्रो.) डॉ. मनदीप शर्मा मुख्य अतिथि, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. सुनील नायक विशेष अतिथि, अधिष्ठाता, डॉ. आर. के. शर्मा, अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष, डॉ. गिरिधारी दास प्रशिक्षण समन्वयक के रूप में उपस्थित रहे। माननीय कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रोग का सटीक निदान ही आधा उपचार है यह कथन वैज्ञानिक समुदाय में व्यापक रूप से स्वीकृत है। उन्होंने बताया कि मानवों और पशुओं में किसी भी रोगजनक बीमारी की चिकित्सा एवं रोकथाम के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू सटीक निदान है, लेकिन पशु चिकित्सा क्षेत्र में यह अभी भी सबसे अधिक उपेक्षित विषयों में से एक है। बैक्टीरिया, वायरस, हेल्मिन्थ और हेमोप्रोटोजोआ आदि के कारण होने वाली संक्रामक बीमारियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। पालतू पशुओं में इन बीमारियों के नैदानिक और उप-नैदानिक दोनों रूप देखे जाते हैं, जिसमें उप-नैदानिक रूप अधिक प्रचलित होता है। इन उप-नैदानिक रोगों का निदान कठिन होता है, जिससे पशुओं को उनकी उच्चतम उत्पादकता स्थिति में बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। भले ही संक्रमित पशु को उचित पोषण और प्रबंधन प्राप्त हो, वे अपनी पूर्ण उत्पादकता प्राप्त नहीं कर पाते हैं। उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने के कारण वे अन्य संक्रामक रोगों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। पशु चिकित्सक सामान्यत: नैदानिक रूपों की पहचान कर लेते हैं, लेकिन उप-नैदानिक रूपों की पहचान अधिक कठिन होती है।

# शिक्षकों की छुट्टी पर लगी रोक, बोर्ड परीक्षा को लेकर 15 मई तक एस्मा लागू

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में शिक्षा विभाग से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। आगामी बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में एसेंशियल सर्विसेज मैनेजमेंट एक्ट यानि एस्मा लागू कर दिया गया है। इसके अंतर्गत विभाग में कर्मचारियों, अधिकारियों, शिक्षकों के अवकाशों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। खासतौर पर शिक्षकों को तो किसी भी हाल में छुट्टी नहीं दी जा रही।

दरअसल मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा में 20 दिन का समय शेष है। ऐसे में अब शिक्षक प्रयागराज में लगे महाकुंभ हो या संतान पालन अवकाश (सीसीएलई) के लिए अवकाश नहीं ले पाएंगे। इसका कारण यह है कि बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शासन ने एसेंशियल सर्विस एंड मेंटेनेंस (एस्मा) लगाने का आदेश जारी कर दिया है। शासन ने 15 फरवरी से 15 मई तक के लिए एस्मा लागू कर दिया है।

दरअसल शिक्षकों की सीसीएल और महाकुंभ में जाने के लिए काफी आवेदन आ रहे थे। अब आदेश की समय सीमा में परीक्षाओं में नियुक्त कर्मचारी, अधिकारी और अन्य स्टाफ अवकाश नहीं ले पाएंगे। वहीं 15 मार्च तक शिक्षक हड़ताल पर भी नहीं जा सकेंगे।

# राज्य आनंद संस्थान और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के बीच हुआ एमओयू



भोपाल-(आरएनएस) राज्य आनंद संस्थान और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के बीच मैनिट परिसर में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैडिंग (समझौता ज्ञापन) किया गया। एमओयू के तहत दोनों पक्ष तीन वर्षों तक एक-दूसरे के सहयोगी के रूप में कार्य कर विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करेंगे।

एमओयू का उद्देश्य 1. एक दूसरे के सहयोगी के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित कार्यक्रम एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रस्तावों के अनुरूप वि?द्यार्थियों में मानवीय मूल्य संवर्धन के लिये अध्ययन/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन। 2. दोनों पक्षों के प्राध्यापक/कर्मचारियों/विद्यार्थियों का क्षमतावर्धन कर उनके माध्यम से अपनी-अपनी योजनाओं की पहुँच समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाना।

3. प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को नैतिकता, आत्म-चिंतन एवं सकारात्मक मानसिकता के विकास के लिये प्रशिक्षण एवं यथासंभव आवश्यक सहयोग प्रदान करना। 4. प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को स्वयंसेवी पहल के लिये एक सहयोग मंच प्रदान कर आनंद एवं इससे जुड़े कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना। 5. ज्ञान और संसाधन के प्रसार हेतु अन्य दीर्घकालिक मार्ग की खोज तथा सहयोग के बिन्दुओं को तलाशकर साझा रणनीति क्रियान्वयन। प्रथम पक्ष के दायित्व 1. प्रथम पक्ष की प्रक्रिया के तहत चयनित ?द्वितीय पक्ष के प्राध्यापकों के लिये प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। साथ ही प्रथम पक्ष संकाय विकास कार्यक्रम भी आयोजित करेगा ताकि प्राध्यापकों को स्वतंत्र रूप से सत्र का संचालन करने के लिये प्रशिक्षित किया जा सके।

# भारत के विकास में महिलाओं का योगदान अहम-मंत्री सुश्री भूरिया

भोपाल-(आरएनएस) महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के नये आयाम छू रहा है। इसमें महिलाओं का योगदान अहम है। आत्मनिर्भर भारत बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिये महिला सशक्तिकरण, अनुसंधान और उद्यमिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वे न केवल समाज को सशक्त बनाती हैं बल्कि देश को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। मंत्री सुश्री भूरिया भोपाल में आयोजित अनुनय, एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी की 14वीं वर्षगांठ पर ऊर्जस्विता सम्मान-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास पर केन्द्रित अनेक योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। महिला शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में



सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने विकास में सभी की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिये प्रशासन के साथ हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में उन महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में इतने महत्वपूर्ण कार्य किये हैं, जिसकी गूंज देश-विदेश तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि संस्था पिछले 14 वर्ष से गरीब और वंचित तबके के बच्चों की शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिये कार्य कर रही है। संस्था ने ऐसे बच्चों को भी शामिल किया है, जो मजदूरी, भीख मांगना या कचरा बीनने का काम करते थे। मंत्री सुश्री भूरिया ने सभी सम्मानित महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे विभिन्न क्षेत्रों में महती भूमिका निभाकर समाज और देश को आगे ले जाने का काम कर रही हैं, जो वाकई काबिल-ए-तारीफ है। डॉ. अनामिका जैन- उच्च शिक्षा (इंदौर), डॉ. पल्लवी तिवारी - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (यूएस), सुश्री संप्रिया पूजा- लोकनृत्य एवं गायन (छत्तीसगढ़), डॉ. वंदना अग्रवाल -स्कूल शिक्षा (छत्तीसगढ़), सुश्री ओरियल प्रिज़्मैन - संरक्षण (यूके), डॉ. आरती सिन्हा- साउंड हीलर एवं वेलनेस कोच, सुश्री चंद्रकला परस्ते- जनजातीय संस्कृति (डिंडोरी), सुश्री प्रभाकर खलको- प्रशासन (छत्तीसगढ़), सुश्री मेघा मुक्तिबोध- शिक्षा, सुश्री मनीषा आनंद- मिसेज़ इंडिया, सुश्री शोमिता भट्टाचार्य- पर्यावरण (इंदौर), सुश्री रोली शर्मा-विपणन पेशेवर (नई दिल्ली), सुश्री आशा पठानिया- सत्कार उद्योग (हरियाणा), सुश्री दिव्या अत्रि- समाज सेवा, सुश्री भूमिका कलम- ज्योतिष (इंदौर), सुश्री अंजु तड़ियाल - कौशल विकास, सुश्री दक्षा वैदकर- प्रिंट मीडिया, सुश्री हुमेरा ख़ान - सामाजिक उद्यमी, सुश्री श्रुति सिंह - राजनीति, सुश्री विशाखा कवठेकर- आर्किटेक्ट, सुश्री अर्पणा चेंडके- उद्यमी (इंदौर), सुश्री दीक्षा पाटकर भदौरिया - नवाचार, सुश्री आराधना मालवी - आदिम कल्याण एवं

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## तेजस्वी यादव चलाएंगे पार्टी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की कमान अब पूरी तरह तेजस्वी यादव के कंधों पर होगी। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में यह तय हुआ कि तेजस्वी यादव पार्टी चलाएंगे। हालांकि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लालू प्रसाद यादव ही बने रहेंगे, लेकिन अब पार्टी की बागडोर तेजस्वी यादव के हाथों में होगी। चुनाव में उम्मीदवारों को सिंबल देने का अधिकार भी अब तेजस्वी के पास होगा, जो पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास होता था। लाजिमी है कि एक तरफ पार्टी में तेजस्वी युग का आगाज हो गया तो दूसरी ओर लालू परिवार में भी %सियासत' शुरू होने की आशंका है। क्योंकि मीसा यादव और राहिणी भी राजनीति में सक्रिय हैं, जबकि तेजप्रताप भी मां राबड़ी के ज्यादा करीब हैं और अपने बयान के जरिये सुर्खियों में रहते हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षो से तेजस्वी ही पार्टी का कामकाज देख रहे थे, लेकिन चुनाव के समय लालू यादव की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती थी। अब यह जिम्मेदारी भी तेजस्वी के कंधों पर होगी। तेजस्वी युवा हैं और पिछले विधानसभा चुनाव के अलावा इस बार के लोक सभा चुनाव में उनकी मेहनत का हर कोई कायल रहा। हालांकि उनकी मेहनत चुनाव परिणाम में परिलक्षित नहीं हुई, मगर उन पर जनता और पार्टी का भरोसा पूरी मजबूती के साथ है; यह जरूर दिखा। खास बात यह है कि तेजस्वी काफी ऊर्जावान हैं और पिता लालू प्रसाद से उन्होंने काफी कुछ सीखा है। बाकी परिवार के सदस्यों की बात करें तो मीसा इस बार भले पाटलिपुत्र से सांसद बनी मगर बिहार की राजनीति को समग्रता से समझने का काम तेजस्वी के अलावा न तो रोहिणी ने किया और न तेजप्रताप ने। हां, राबड़ी देवी की भूमिका भी अब पार्टी में काफी सीमित हो गई है।

# सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट से भारत निर्माण को मिलेगी गति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक, यह बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। इसके माध्यम से उन्होंने युवाओं के लिए कई क्षेत्र खोले हैं। आम बजट 2025 एक सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट है। यह कई मायने में सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी भी है। खासकर ताजा बजट प्रस्तावों के माध्यम से मध्यम वर्ग को जो भारी कर राहत प्रदान किया गया है और आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपया तक कर दिया गया है, उससे अर्थव्यवस्था को विभिन्न कोणों से मजबूती मिलने के आसार प्रबल हैं। कुल मिलाकर यह आम आदमी का बजट है, जो गरीबों, युवाओं, अन्नदाता किसानों और नारी शक्ति को आर्थिक मजबूती प्रदान करता है।

सच कहा जाए तो यह आम बजट विकसित भारत यानी हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है, जिसमें किसानों, गरीबों के साथ-साथ मध्यम वर्ग पर भी ध्यान दिया गया है। वहीं, महिला और बच्चों की शिक्षा, उनके पोषण व स्वास्थ्य पर भी फोकस किया गया है। इस बजट में स्टार्टअप, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट तक, यानी कि अर्थव्यवस्था की समुन्नति के हर क्षेत्र को समाहित किया गया है। इस प्रकार यह बजट मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत का व्यापक रोडमैप है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक, यह बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। इसके माध्यम से उन्होंने युवाओं के लिए कई क्षेत्र खोले हैं। जिससे आम नागरिक विकसित भारत के मिशन को आगे बढ़ाने जा रहा है। यह बजट एक फोर्स मल्टीप्लायर है, जो बचत, निवेश, खपत और विकास को तेजी से बढ़ाएगा।

आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर होता है कि सरकारी खजाना कैसे भरा जाएगा, लेकिन यह बजट उसके ठीक उलट है। यह बजट देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगी, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास में कैसे भागीदार बनेंगे...इस बात की चिंता करता है। इस बजट में सुधार हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। विशेष कर यह बजट देश के विकास में सिविल न्यूक्लियर एनर्जी का बड़ा योगदान सुनिश्चित करेगा।

यूँ तो बजट में हर तरह से रोजगार के सभी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, फिर भी मैं उन सुधारों की चर्चा करना उचित समझता हूं जो आने वाले समय में बड़ा बदलाव लाने वाले हैं। खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्जा देने से भारत में बड़े जहाजों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। हम सभी जानते हैं कि शिप बिल्डिंग निर्माण सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। वहीं, देश में पर्यटन विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इसलिए पहली बार होटलों को इंफ्रास्ट्रक्चर के दायरे में लाकर 50 महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर होटल बनाए जाएंगे। इससे आतिथ्य क्षेत्र को ऊर्जा मिलेगी, जो रोजगार का बहुत बड़ा क्षेत्र है।

वहीं, इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए %ज्ञान भारत मिशन% शुरू किया गया है। इसके तहत भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरित एक राष्ट्रीय डिजिटल रिपोजिटरी बनाई जाएगी, यानी तकनीक का भरपूर उपयोग किया जाएगा। वहीं, इस बजट में किसानों के लिए की गई घोषणा कृषि क्षेत्र और पूरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में एक नई क्रांति का आधार बनेगी। किसान क्रेडिट कार्ड% की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाएगी, जिससे उन्हें और मदद मिलेगी।

बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 फरवरी, 2025, दिन शनिवार को संसद में बजट पेश किया, जो उनका लगातार 8वां बजट था। यह बजट आर्थिक सर्वेक्षण के अनुरूप रहा। क्योंकि उन्होंने मिडिल क्लास को राहत देते हुए न्यू टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रुपये सालाना तक की इनकम को आयकर के दायरे से बाहर रखने का ऐलान किया। इससे नौकरीपेशा वर्ग के करोड़ों लोगों को फायदा होगा।

वहीं, उन्होंने किसान और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। हम दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। स्वास्थ्य और रोजगार पर हमारा खास ध्यान है। युवाओं को रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता है। इस बजट में प्रस्तावित विकास उपाय 10 व्यापक क्षेत्रों में हैं, जिनमें गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रही है। पिछले 10 सालों के हमारे विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने दुनियाभर का ध्यान आकर्षित किया है। इस दौरान भारत की क्षमता को लेकर विश्वास बढ़ा है। इसी कड़ी में अब बिहार में मखाना बोर्ड का गठन किया जाएगा। मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन को बेहतर बनाने के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। इस कार्य में लगे लोगों को एफपीओ के रूप में संगठित किया जाएगा।

## लोक लुभावन भी और राजनीतिक भी

बजट की तैयारियों के बीच सोशल मीडिया पर एक खबर जुगनू की तरह आई और तत्काल लुप्त हो गई थी। जिसने जुगनू के उस प्रकाश को देखा और उसके संकेतों को समझने की कोशिश की थी, उन्हें इस बात का आभास हो गया था कि आम बजट में क्या होने जा रहा है। सोशल मीडिया पर आए उस समाचार में कहा गया था कि केंद्र सरकार के प्रति मध्य वर्ग पहले की तरह उत्साही नहीं है। किंचित वह केंद्र सरकार के कामकाज और सरकार की ओर से हो रही बेरूखी से वह परेशान और निराश है। सोशल मीडिया पर मध्य वर्ग की ऐसी प्रतिक्रियाओं पर मोदी की नजर रहती है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे लोगों से सीधा संवाद करें। सोशल मीडिया यही खबर थी। लेकिन इस खबर के संकेत साफ थे। आम बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रूपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट

दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में बजट पेश किया। सीतारमन ने एक महिला वित्तमंत्री के रूप में लगातार 8वां बजट लोकसभा में पेश कर एक रिकार्ड बनाया है। वित्तमंत्री द्वारा लोक सभा में पेश किया गया बजट अपने आप में पथप्रदर्शक, अग्रणी एवं अतुलनीय बजट कहा जा रहा है क्योंकि इस बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीब वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछले कुछ समय से देश की अर्थव्यस्था में विकास की गति कुछ धीमी पड़ती हुई दिखाई दे रही थी अत: विशेष रूप से मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि शेष बच सके ताकि वे विभिन्न उत्पादों को खरीदकर अर्थव्यवस्था में इनकी मांग बढ़ा सकें, ऐसा प्रयास इस बजट के माध्यम से किया गया है। साथ ही, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से रोजगार उन्मुख क्षेत्रों यथा कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, निवेश, निर्यात एवं समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि इन्हें विकास के इंजिन के रूप में विकसित किया जा सके। भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। अत: मोदी सरकार से अब यह अपेक्षा की जा रही थी कि मध्यमवर्गीय परिवारों को बजट के माध्यम से कुछ राहत दी जाय। और फिर, मुद्रा स्फीति की सबसे अधिक मार भी गरीब वर्ग के परिवारों एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर ही पड़ती दिखाई देती है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयकर की वर्तमान सीमा को 7 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया है। अर्थात अब 12 लाख रुपए तक की आय अर्जित करने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार का आयकर नहीं लगेगा। वेतन एवं पेंशन पाने वाले नागरिकों को 75,000 रुपए की स्टैंडर्ड कटौती की राहत इसके अतिरिक्त प्राप्त होगी। इस वर्ग के करदाताओं को 12.75 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं चुकाना होगा। इसके साथ ही, आय कर की दरों में भी परिवर्तन किया गया है। अब 4 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर शून्य रहेगी। 4 लाख रुपए से 8 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर 5 प्रतिशत, 8 लाख रुपए से 12 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 10 प्रतिशत, 12 लाख रुपए से 16 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 15 प्रतिशत, 16 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर 25 प्रतिशत एवं 24 लाख रुपए से अधिक की कर योग्य आय पर 30 प्रतिशत की दर से आयकर लागू होगा। मध्यमवर्गीय करदाताओं को उक्त सुधारों से लगभग 80,000 रुपए से 1.10 लाख रुपए तक की राशि की बचत होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

### स्कंद षष्ठी पर भगवान कार्तिकेय को प्रसन्न करने के लिए लगाएं इन चीजों का भोग, पूरी होगी हर मनोकामना

हिंदू धर्म में स्कंद षष्ठी एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व भगवान कार्तिकेय से जुड़ा है। इस दिन भगवान कार्तिकेय की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं दक्षिण भारत में यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान स्कंद मां पार्वती के पुत्र माने जाते हैं। भगवान स्कंद की पूजा विशेष रूप से युद्ध, विजय, और शत्रु नाश के लिए की जाती है। बता दें कि %देवताओं के सेनापति% के रूप में स्कंद को पूजा जाता है। क्योंकि भगवान स्कंद ने दैत्यों से देवताओं की रक्षा की थी।

स्कंद षष्ठी के दिन व्रत रखने और पूजा करने से जातक के शत्रुओं का नाश होता है और वह अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है। ऐसे में अगर आप भी स्कंद षष्ठी के दिन भगवान कार्तिकेय की कृपा और आशीर्वाद पाना चाहते हैं, तो इस दिन आप भगवान कार्तिकेय को विशेष भोग अर्पित कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्कंद षष्ठी के दिन भगवान कार्तिकेय को किन चीजों का भोग लगाना चाहिए। दक्षिण भारत में भगवान कार्तिकेय को मुरुगन के नाम से जाना जाता है। दक्षिण भारत में भगवान कार्तिकेय को श्रीखंड का भोग लगाना एक प्राचीन परंपरा है।

## धर्म आधारित सियासत का दौर जोरों पर

नवल किशोर कुमार

सियासत चाहे वह भारत की हो या फिर किसी और देश की, वह देश में रहने वालों के सापेक्ष ही होती है। भारत में विविध धर्मो और पंथों के लोग रहते हैं और यह बात किसी से भी छिपी नहीं है कि यहां की सियासत में धर्म का उपयोग होता रहा है।

धर्म आधारित सियासत के कारण ही 1947 में देश का विभाजन हुआ और भारत तथा पाकिस्तान विश्व के नक्शे पर दो राष्ट्र के रूप में उभरे। लेकिन भारतीय संविधान का आधार धर्मनिरपेक्षता है, जिसकी नजर में सभी धर्म व पंथ एक समान हैं।

वस्तुत: यह बात सही भी है, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस देश में धर्म के आधार पर राजनीति ब्रिटिशकाल से जारी है। पहले समाज सुधार आंदोलनों के तहत 1875 में आर्य समाज की स्थापना और बाद में 1906 में मुस्लिम लीग का गठन। यह सियासत तब और जोर पकडने लगी जब 1925 में महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। आजादी के बाद भी धर्म की घुसपैठ लोकतांत्रिक सियासत में बनी रही। हालांकि प्रारंभिक दौर में इसके प्रभाव कम दिखते थे, लेकिन 1980 के दशक के बाद से इसका प्रभाव रोज-ब-रोज बढ़ता जा रहा है। मौजूदा सच्चाई यह है कि आज हिन्दुत्व का एजेंडा सियासत के केंद्र में है। निश्चित तौर पर इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है, लेकिन कांग्रेस की भूमिका भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं रही है। आज की पीढ़ी भले ही शाहबानो केस के बारे में नहीं जानती हो, लेकिन सत्य तो यही है कि राजीव गांधी के कार्यकाल के समय से ही कांग्रेस नरम हिन्दुत्व की पक्षधर रही है। हालांकि उसने खुलकर हिन्दुत्व का पक्ष नहीं लिया है। लिहाजा उसकी विरोधी उसके ऊपर तुष्टिकरण का आरोप लगाती रही है।

बीते 27 जनवरी, 2024 को मध्य प्रदेश के महू-जो कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मस्थान है-वहां एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा नेताओं के द्वारा प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के मौके पर स्नान करने पर कटाक्ष किया कि स्नान करने से क्या गरीबी दूर हो सकती है? उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के नेतागण केवल फोटो खिंचवाने के लिए ऐसा करते हैं। हालांकि खरगे ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि उनके बयान से यदि किसी को किसी प्रकार का ठेस पहुंची हो तो वह इसके लिए माफी मांगते हैं, लेकिन सियासत में बयानों का महत्त्व वही होता है जो धनुष से निकले तीर का होता है।

### प्रयागराज संगम में स्नान करने से पाप से मिलती है मुक्ति, जानिए क्यों नहीं दिखती सरस्वती नदी

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का 13 जनवरी से आयोजन शुरू हुआ था। इसका समापन 26 फरवरी को होगा। ऐसे में लाखों-करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। त्रिवेणी संगम वह स्थान है, जहां पर गंगा-यमुना और पौराणिक सरस्वती नदी का संगम होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस पावन संगम में डुबकी लगाने से जातक पाप मुक्त हो जाता है और मन को शांति मिलती है। त्रिवेणी संगम में गंगा और यमुना का मिलन तो साफ तौर पर दिखता है, लेकिन सरस्वती नदी नहीं दिखाई देती है। यानी की अदृश्य है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं प्रयागराज में संगम का क्या महत्व है और सरस्वती नदी क्यों नहीं दिखाई देती है। माना जाता है कि प्रयागराज में त्रिवेणी का संगम होता है। त्रिवेणी यानी की गंगा, यमुना और सरस्वती नदी का संगम। लेकिन प्रयागराज में गंगा और यमुना को मिलते हुए सब देखते हैं। लेकिन सरस्वती नदी को लेकर कई तरह मान्यताएं हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अदृश्य रूप से बहकर सरस्वती नदी प्रयागराज पहुंचती है और यहां पर गंगा और यमुना नदी के साथ संगम करती हैं।

## लोगों के जीवन की कोई कीमत नहीं

श्रुति व्यास

मौत की गंध को, थकावट को, निराशा को, दु:ख को वे लोग महसूस कर रहे थे, जो वहां मौजूद थे और इंसान थे! दोपहर होते होते फिर भगदड़' को भगदड़-जैसे हालात' बना दिया गया। हकीकत को अफवाह बताया जा रहा था। आस्था की सराहना और उसके प्रति श्रद्धा दिखाना जारी था।

एक छोटी बच्ची, थोड़ी देर पहले ही संगम में डुबकी लगाई थी। बाल अभी भी गीले थे, लेकिन शरीर ठंडा, मृत पड़ा था। एक थका-हारा आदमी ज़मीन पर पसरा हुआ था।

वह खड़ा होने को तैयार नहीं था। उसकी आंखों में नाउम्मीदी साफ नजर आ रही थी। उसका दिल हमेशा के लिया उसका साथ छोड़ कर जा चुकी उसकी पत्नी को याद कर बैठा जा रहा था।

समय- मंगलवार रात डेढ़ बजे, संगम के तट पर आस्था ने एक बेकाबू सैलाब बनाया। श्रद्धालुओं के बीच धक्कामुक्की हुई, और जो भी चीज या व्यक्ति रास्ते में आया, वह उसे कुचलता गया।

लोग एक दूसरे के ऊपर चढ़ गए, एक दूसरे को धकेलते गए और एक दूसरे के पीछे भागते गए। संगम स्थल पहुंचने के लिए आस्था पागलपन और दीवानेपन की हद तक पहुंच गई थी। और 29 की सुबह, उस शुभ, पवित्र घडी, एक त्रासदी घट गई।

सुबह 3.43 बजे मेरे मोबाइल पर मैसेज आया: कुंभ में भगदड़। कई लोगों की मौत। हम घटनास्थल पर मौजूद थे। रात 1.30 बजे आशीष कई अन्य पत्रकारों के साथ संगम की ओर जा रहे थे।

और उन्होंने अफरातफरी और जन सैलाब के नतीजे में लोगों को मरते हुए अपनी आंखों से देखा। उन लोगों के घटनास्थल तक पहुंचने के पहले ही दुर्घटना का सबसे खतरनाक वक्त बीत चुका था।

बाड़ें टूट चुकी थीं, लाशें पड़ी हुई थीं और घायल कराह रहे थे। बरबादी और जड़ता के माहौल में चारों ओर अव्यवस्था थी।

अफसर, पुलिसवाले और पीड़ितों की मदद में जुटे लोग बदहवास इधर उधर दौड़ रहे थे, छानबीन कर रहे थे, भ्रमित थे और घबराए हुए भी। मौके पर मौजूद एक अन्य पत्रकार ने संदेश भेजा मैंने एम्बुलेंस में 15 लाशों को जाते हुए देखा है।

हालांकि सुबह पांच बजे तक, बुधवार शाम तक घटना के बारे में कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई थी। मगर लोग रात को सब देखते हुए तो थे।

सरकारी पत्थर दिल भोंपू संगम की ओर बढ़ते जनसमुद्र की तस्वीरें दिखाते हुए अफवाहों' पर ध्यान नहीं देने की अपील कर रहे थे।

अंतत: सुबह 5.30 बजे- दुर्घटना के पूरे चार घंटे बाद- स्पेशल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर आकांक्षा राणा ने एक वक्तव्य जारी कर बताया कि संगम के मार्ग में भगदड़ जैसे हालात बन गए थे।

इस बीच ट्विटर हैंडल पर कुंभ में आए विदेशियों, नागा साधुओं और महानिर्वाणी अखाड़ा के जनक गिरी के संगम की ओर बढने के वीडियो डाले जा रहे थे। हालांकि घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय पत्रकारों को अखाड़ों के माध्यम से यह सूचना मिली थी कि शाही स्नान रद्द कर दिया गया है। लेकिन अधिकारियों द्वारा आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी तब तक भी नहीं दी जा रही थी।

इस बीच मैं किसी भी ताजा खबर के लिए अपने व्हाटसएप पर नजर रखे हुए थी और बीच बीच में मेले में मौजूद लोगों को फ़ोन भी लगा रही थी।

सुबह छह बजे लंदन के गार्जियन' ने खबर को अंतरराष्ट्रीय बना दिया: जानलेवा भीड़ ने भारत के कुंभ मेले में लोगों को कुचला। विदेशी मीडिया को अब पिछली देर रात को हुई दुर्घटना की तस्वीरें, वीडियो और खबरें मिलने लगी थीं।

इसके बाद धीरे धीरे खबरें आने का सिलसिला शुरू हुआ और भारतीय मीडिया नींद से जागा। भगदड़ जैसे हालात' को भगदड़' कहा जाने लगा। हमारे मीडिया ने मृतकों की संख्या बताने से परहेज किया।

लेकिन सुबह 6.30 बजे एएफपी ने खबर दी कि उन्होंने जिस डॉक्टर से बात की है उसने बताया कि हादसे में 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

सुबह सात बजे से स्थितियां साफ होने लगीं। भगदड़ हुई थी। घटनास्थल की तस्वीरों और वीडियो से स्पष्ट हुआ कि वहां अफरातफरी के हालात थे। लोग अपने सामानों के ढेरों के ऊपर गिरे थे। तस्वीरों में जमीन पर पड़ी लाशें भी नजर आ रहीं थीं। थोड़ी देर बाद फिर सच को धुंध में गुम करने में माहिर लोगों ने मीडिया का मोर्चा संभाल लिया। खबर की गंभीरता को कम करके बताया जाने लगा।

प्रधानमंत्री ने मोर्चा संभाला और मुख्यमंत्री योगी को तीसरा फोन कॉल करके हर प्रकार की सहायता मुहैय्या करने का आश्वासन दिया। गृह मंत्री भी हरकत में आए।

संतों को बुलाया गया और उन्होंने मीडिया को एक सुर में बाइट्स दीं: इसमें प्रशासन की कोई गलती नहीं है। वहां बहुत ज्यादा लोग थे। एक ने कहा, ऐसी घटना 1954 में जब नेहरू जी प्रधानमंत्री थे तब भी हुई थी।

इस बीच मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। शाही स्नान की इजाजत दिए जाने की बातें होने लगीं। टीवी समाचार चैनलों में हेडलाइनें चलने लगीं दस की मौत के बाद भी आस्था अडिग।

टीवी स्क्रीनें फिर बदल गईं। विशाल जनसमूहों के प्रयागराज में उमडने की ड्रोन से ली गईं तस्वीरें दिखाई जाने लगीं।

इस बीच राजनीतिक रोटियों सेंकना शुरू हो गया। एक दूसरे को दोषी ठहराने का खेल शुरू हुआ। आखिर मनुष्यों की जान की कीमत ही क्या है।

ऑस्कर वाइल्ड ने लिखा था, कुछ लोग हर चीज़ का दाम जानते हैं मगर किसी चीज़ की कीमत नहीं जानते।

ये शब्द भारत में इंसानी जिंदगी के बारे में जितने सार्थक और सही हैं, उतने किसी और संदर्भ में नहीं हैं। हमें इसके बारे में साफ साफ कहने में संकोच हो सकता है, होता है।

या हम एक देश के रूप में इसके बारे में बात करने से कतरा सकते हैं। लेकिन वास्तविकता है कि भारत में इंसानी जिंदगी की, लोगों के जीवन की कोई कीमत नहीं है। हमारे राजनेता और उनके अधिकारी- चाहे वे किसी भी पार्टी के हों- रोजाना मनुष्य के जीवन की रुपयों में कीमत लगाते हैं। रुपयों से खरीदते है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपके दांपत्य जीवन में खुशियों का आगाज होगा। अगर नया कम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पिछले दिनों स्वास्थ से परेशान लोगों को आज काफी राहत होगी। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी।

मिथुन राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आज परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र की बढ़ोतरी होगी। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें।

कर्क राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के एम.टेक के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं। बेहतर रहेगा आप किसी से राय ले लें। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज अनावश्यक किसी से वहस करने से बचें। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। दांपत्य जीवन का रिश्ता पहले से मजबूत बनेगा।

तुला राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी।

वृश्चिक राशि :आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी।

धनु राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में रूचि लेने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। स्वास्थ सम्बंधित समस्या से राहत मिलेगी।

मकर राशि : आज आपका दिन सकारात्मक उर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद वाहन लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज ऑयली खान पान से परहेज करें। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

मीन राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेहपूर्वक रहे, जिससे लोगों आपकी तारीफ करें।



लोकसभा में चीन को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दावे के बाद सिसायी बवाल बढ़ गया है। राहुल गांधी के दावे पर अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार किया है। राजनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि राहुल गांधी ने 03 फरवरी 2025 को संसद में अपने भाषण में भारत-चीन सीमा पर स्थिति पर सेना प्रमुख के बयान पर झूठे आरोप लगाए। सेना प्रमुख की टिप्पणी में केवल दोनों पक्षों द्वारा पारंपरिक गश्त में गड़बड़ी का जिक्र था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हालिया विघटन के हिस्से के रूप में इन प्रथाओं को उनके पारंपरिक पैटर्न पर बहाल कर दिया गया है।

# जिससे सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, सपा को उससे होती है पीड़ा : सीएम योगी

अयोध्या फरवरी (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी को खूब धोया। बोले कि 'एक्स' पर दो महीने से सपा अध्यक्ष के पोस्ट को देखिए, यह प्रयागराज महाकुम्भ का विरोध करते हुए आए हैं। अब तक 34 करोड़ श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी के संगम पर आस्था की डुबकी लगाई है। शनिवार को उप राष्ट्रपति, कई देशों के राजदूत-हाई कमिश्नर आए थे।

पूरी दुनिया आकर अभिभूत है, लेकिन सपा को इससे पीड़ा हो रही है। जिससे सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, भारतीयों का सीना चौड़ा होता हो, उससे सपा को पीड़ा होती है। सपा सनातन धर्म और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं की विरोधी है।

मुख्यमंत्री ने मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में रविवार को जनसभा कर उन्हें जिताने की अपील की। सीएम ने कहा कि परसों (शुक्रवार) हेलीकॉप्टर से जा रहा था, अयोध्या धाम में हर तरफ जनसैलाब दिखाई दे रहा था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने फोरलेन सड़कें, रेलवे लाइन को डबल, स्टेशनों का सुदृढ़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विस्तार नहीं किया होता तो प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु यहां नहीं आ पाते। केंद्र व राज्य सरकार का पैसा और हमारे जनप्रतिनिधियों का प्रयास रहा तो अयोध्या का विकास व व्यवसाय बढ़ रहा है। जब भी हमने अयोध्या के विकास की कार्ययोजना को बढ़ाया तो सपा ने विरोध किया। सड़क चौड़ीकरण के दौरान 1700 करोड़ से अधिक का मुआवजा दिया गया। राम मंदिर का शिलान्यास और राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए, तब भी सपा ने विरोध किया। एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि, रैन बसेरों का नाम निषादराज गुह्य के नाम पर किया गया, रसोई का नाम मां शबरी के नाम पर रखा गया, तब भी सपा को पीड़ा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यूपी में पीएसी की तीन महिला बटालियन (वीरांगना उदा देवी, झलकारी बाई, अवंती बाई लोधी) गठित की। सपा ने तब भी विरोध किया था। यह वही सपा है, जो बहराइच में महाराज सुहेलदेव के विजय स्मारक का विरोध करती है, यह कहती है कि वहां गाजी का स्मारक होना चाहिए। सपा को गाजी व पाजी (बदमाश) प्यारे हैं। इन्हें बेटियों की इज्जत पर हाथ डालने वाला मिल्कीपुर का मोईद खान और कन्नौज का नवाब सिंह यादव प्यारा है। सपा गरीब, किसान, बेटी-बहन, व्यापारी, युवा के साथ नहीं, बल्कि माफिया, दुष्चरित्र व पेशेवर अपराधी के साथ खड़ी होती है। कोई घटना घटित होती है तो सपा का हाथ होता है या वह षडयंत्र में शामिल रहती है।

सीएम ने कहा कि सपा भारत विरोधी तत्वों को गले लगाती है। विधानसभा उपचुनाव के दौरान इनके दरिंदे नेता ने मैनपुरी में दलित बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। अयोध्या में कल एक बेटी के साथ घटना हुई है, आज इनका सांसद नौटंकी कर रहा है। जांच होगी तो उसमें भी सपा का कोई दरिंदा शामिल जरूर होगा। सीएम ने कहा कि 2016 में सपा सरकार के समय 2.35 लाख पर्यटक अयोध्या आए थे, जबकि 2024 में यहां 16.11 करोड़ श्रद्धालु आए। विकास विरोधी सपा की दृष्टि सैफई से बाहर नहीं जाती। सत्ता में आने पर यह परिवार के लिए कार्य करते हैं और वोट मांगने के लिए जाति का सहारा लेते हैं। सीएम ने कहा कि मिल्कीपुर का चुनाव भी राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद का चुनाव बन गया है। एक तरफ एनडीए प्रत्याशी के रूप में चंद्रभानु पासवान राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं के साथ मैदान में हैं तो दूसरी तरफ सपा के परिवारवाद का नमूना है, जिसका नाम भूमाफिया-अनैतिक, अराजक गतिविधियों में आता है। सीएम ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि सब कुछ सुधर सकता है, लेकिन प्रवृत्ति नहीं। इनका पेशा अपराध, गुंडागर्दी, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाना है। समाजवादियों का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है..., लेकिन 2017 में जब भाजपा सरकार आई और हमने एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया तो इसने गुंडों से 64 हजार एकड़ लैंड खाली कराई। यह परेशान हैं कि डबल इंजन सरकार ऐसे ही कार्य करेगी तो इनका धंधा चौपट हो जाएगा। धंधा चौपट होने से इनकी पार्टी भी चौपट हो जाएगी।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार मनोज शौकीन के समर्थन में रोड शो में भाग लिया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दिल्ली के 360 गांवों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की.

# 12 लाख तक की इनकम पर टैक्स फ्री क्यों? वित्त मंत्री ने दिया जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट के बाद एक इंटरव्यू के दौरान जब वित्त मंत्री से पूछा गया कि सरकार ने 12 लाख तक की सालाना आय को टैक्स दायरे से बाहर रखने का फैसला क्यों रखा तो इसका वित्त मंत्री ने जवाब दिया।

उन्होंने कहा, मिडिल क्लास में ये चर्चा बहुत होती है कि आखिर उन्हें क्या मिला। हमार फोकस हर बार हर क्षेत्र के लोगों पर रहता है। इस बार हमने यह देखा कि कम से कम एक लाख रुपये कमाने वालों के लाइफ स्टाइल कैसा हैं? ये लोग कैसे रहते हैं। कैसा लाइफ स्टाइल मेंटेन करते हैं। ये सब देखने के बाद हमने निर्णय लिया कि हर महीने 1 लाख रुपये कमाने वालों को छूट दी जाए।

वहीं, वित्त मंत्री ने एक इंटरव्यू में कहा कि केंद्र ने यह सुनिश्चित करने के लिए सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़े और आत्मनिर्भर बने। वित्त मंत्री ने ये जवाब उस सवाल पर दिया, जिसमें उनसे पूछा गया था कि क्या कई ऑटोमोबाइल पर सीमा शुल्क कम करने की बजटीय घोषणा, जिससे टेस्ला और हार्ले डेविडसन जैसी कंपनियों को फायदा होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ घोषणाओं के बीच एक संकेत देने की कोशिश है।

उन्होंने कहा, हम अपनी अर्थव्यवस्था पर ध्यान दे रहे हैं। हम भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत करना चाहते हैं और इसे मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना चाहते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट में सीमा शुल्क कम करने की घोषणा का उद्देश्य एमएसएमई के लिए सस्ता कच्चा माल उपलब्ध कराना, महत्वपूर्ण खनिज प्राप्त करना और भारतीय कंपनियों को सामग्री आयात करने और उच्च मूल्य के तैयार उत्पाद का निर्यात करने की अनुमति देना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा से पहले हार्ले डेविडसन बाइक पर टैरिफ और कम कर दिया गया है। 1600 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों के लिए सीबीयू (पूरी तरह से निर्मित इकाइयों) पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है।

हालांकि, कारों और अन्य मोटर वाहनों के आयात पर मूल सीमा शुल्क भी कम कर दिया गया है, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी प्रभावी शुल्क दरों में बदलाव होगा या नहीं। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने 'विकसित भारत' की नींव को मजबूत करने और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर समान रूप से ध्यान केंद्रित करने के बीच संतुलन बनाया है। उन्होंने विपक्ष की उन आलोचनाओं को भी खारिज कर दिया, जिसमें यह कहा जा रहा था कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार केंद्रीय बजट में घोषणाओं के माध्यम से केवल बिहार और दिल्ली में मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है। सीतारमण ने शनिवार को केंद्रीय बजट 2025-26 पेश किया था। यह उनका लगातार आठवां बजट था।

## दिव्यांग महिला से 40 रुपए गलत टोल टैक्स वसूला, एनएचएआई पर 17 हजार रुपए का जुर्माना

चंडीगढ़ (आरएनएस)। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक दिव्यांग महिला से गलत तरीके से 40 रुपए टोल टैक्स वसूलने और अपमानित करने के आरोप में नेशनल हाईवे अथॉरिटी (एनएचएआई) को दोषी ठहराया है। आयोग ने एन.एच.ए.आई को निर्देश दिया है कि वह शिकायतकर्ता महिला को 17 हजार रुपए का मुआवजा देवे। इसमें 10 हजार रुपए मुआवजा और 7 हजार रुपए मुकदमेबाजी के खर्च के तौर पर दिए जाएंगे। इसके साथ ही, आयोग ने एन.एच.ए.आई को 40 रुपए की राशि भी शिकायतकर्ता को वापस करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में सैक्टर-27 निवासी गीता शिकायतकर्ता हैं, उन्होंने जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में याचिका दायर की थी। गीता ने बताया कि उन्होंने दिव्यांगजन योजना के तहत एक नई कार खरीदी थी, जिस पर रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (आरसी) पर अनुकूलित वाहन अंकित था, जिसके चलते उन्हें टोल टैक्स से छूट मिलनी चाहिए थी। गीता ने अपने परिवार के साथ 28 अप्रैल 2024 को कसौली की यात्रा की थी, जहां उन्हें टोल शुल्क नहीं लिया गया। लेकिन, जब वह कसौली से चंडीगढ़ लौट रही थीं, तब चंडी मंदिर टोल प्लाजा पर उन्हें रोका गया और टोल कर्मचारी ने उनसे मेडिकल प्रमाण पत्र या कार से बाहर निकलकर चलने के लिए कहा।




भारतीय खिलाड़ी क्लैंग के बेयुमास ओवल में आईसीसी महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए।

## बजट में पूर्वोत्तर राज्यों के साथ बिहार का रखा गया ख्याल, विकास हमारी प्राथमिकता : जीतन राम मांझी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि बजट में कई प्रगतिशील कदम उठाए गए है, जिससे आम लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्वोत्तर की विशेष चिंता है। यहीं कारण है कि वह बिहार और सभी पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। यह बजट उसी नीति को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी का फोकस हमेशा इन क्षेत्रों के विकास पर रहा है। गरीबों और किसानों और मजदूरों के हित में उठाए गए कदम भी सराहनीय हैं। इस बजट में कई ऐसे प्रगतिशील कदम उठाए गए हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। आईटीआई का विशेष प्रबंध और मेडिकल छात्रों के लिए सीटों की बढ़ोतरी, ये दोनों शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार हैं। इस तरह की योजनाएं युवाओं को अधिक अवसर देने और उन्हें भविष्य में बेहतर रोजगार के लिए तैयार करने में मदद करेंगी। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस बजट के लिए धन्यवाद देता हूं। यह बजट देश के हर वर्ग के विकास पर केंद्रित है। वहीं, पंजाब सरकार के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आज पेश किए गए केंद्रीय बजट में पंजाब को कुछ नहीं मिला, बल्कि पंजाब को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया।

# आप सरकार ने दिल्ली के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को बनाया बदहाल : अजय माकन

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद अजय माकन ने दिल्ली में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला है। माकन ने आरोप लगाया कि आप सरकार ने दिल्ली के स्वास्थ्य क्षेत्र को बदहाल कर दिया।

उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली सरकार ने दिल्ली के विकास को लेकर भ्रम का जाल बिछाया। मैंने शीला दीक्षित के कार्यकाल और वर्तमान सरकार के बीच अंतर को उजागर किया था। मैंने बताया कि कैसे दिल्ली के अस्पतालों में विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी में प्रति बिस्तर दो मरीज हैं। मैंने यह भी बताया था कि अस्पतालों में एक्स-रे, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड जैसी मशीनों की क्या हालत है।

राज्य के प्रमुख अस्पतालों में जरूरी मेडिकल उपकरण जैसे एक्स-रे, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड मशीनें खराब पड़ी हैं। साथ ही कई अस्पतालों में आईसीयू भी कार्य में नहीं हैं। कोरोना महामारी के दौरान केंद्र सरकार से जो वित्तीय मदद मिली थी, वह भी आप सरकार द्वारा सही तरीके से खर्च नहीं की जा सकी। यह गंभीर लापरवाही है। यह सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली बुनियादी मुद्दों पर असफल साबित हुई है। अब दिल्ली की जनता यह महसूस कर रही है कि कांग्रेस पार्टी ही उनकी सभी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। ऐसे में मैं दिल्लीवासियों से कांग्रेस को समर्थन देने की अपील करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल का एजुकेशन मॉडल केवल एक धोखा है। हम उस शिक्षा मॉडल को कैसे उचित ठहरा सकते हैं, जहां सरकारी स्कूलों के छात्र निजी स्कूलों में स्थानांतरित हो रहे हैं? हम आज यह सवाल पूछना चाहते हैं, और

## योग गुरु बाबा रामदेव की मुश्किलें बढ़ी, केरल की अदालत ने जारी किया गैर-जमानती वारंट

नई दिल्ली (आरएनएस)। बाबा रामदेव की मुश्किलें फिर एक बार बढ़ गई हैं। केरल की एक अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ भी वारंट जारी किया है। पलक्कड़ जिले की कोर्ट दोनों के ही खिलाफ यह वारंट उनकी गैरहाजिरी के कारण जारी किया है। आपको बता दें कि वे केरल के ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा दिव्य फार्मेसी के खिलाफ दायर किए गए आपराधिक मामले में पेश नहीं हुए थे।

कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ 15 फरवरी को पेश होने के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया है। इससे पहले कोर्ट ने 1 फरवरी को इन आरोपियों के खिलाफ जमानत योग्य वारंट जारी किया था, ताकि वे कोर्ट में पेश हो सकें। यह मामला दिव्य फार्मेसी द्वारा कथित रूप से भ्रामक चिकित्सा विज्ञापन प्रसारित करने से जुड़ा है, जिस पर केरल ड्रग्स इंस्पेक्टर ने कार्रवाई की है।



जयपुर के जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर अंतर्राष्ट्रीय जयपुर मैराथन में भाग लेते प्रतिभागी.



कर्नाटक रक्षण वेदिके के सदस्य महा संघर्ष यात्रा में भाग लेते हुए मांग करते हैं कि रा%य में बेचे और उपयोग किए जाने वाले सभी उत्पादों पर 60 प्रतिशत लेबल बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में लगाए जाएं।

# केन्द्रीय बजट पर मायावती का हमला, कहा- चुनावी स्वार्थ से प्रेरित बजट से जनहित संभव नहीं

लखनऊ (आरएनएस )। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केन्द्रीय बजट 2025 पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे चुनावी स्वार्थ से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि यदि बजट केवल राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा, तो इससे व्यापक जनहित और देश की वास्तविक प्रगति संभव नहीं हो सकती। बजट का उद्देश्य केवल आंकड़ों की बाजीगरी या बड़े-बड़े दावों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गरीबों, मजदूरों, किसानों, दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़े वर्गों और धार्मिक अल्पसंख्यकों के जीवन में सुधार लाने वाला होना चाहिए। जब तक बजट की प्राथमिकता में देश के मेहनतकश लोग और वंचित वर्ग नहीं होंगे, तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा ही रहेगा।उन्होंने बजट में घोषित 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार इस फैसले को बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है, लेकिन इसका लाभ केवल वेतनभोगी मध्यम वर्ग के एक छोटे समूह को ही मिलेगा। इस तरह की घोषणाएं जनता को भ्रमित करने के लिए की जाती हैं, जबकि वास्तविक जरूरत कर प्रणाली और जीएसटी व्यवस्था में व्यापक सुधार की है। वर्तमान में कर ढांचा ऐसा है जिससे आम जनता को कोई राहत नहीं मिल रही है। खासतौर पर रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों पर लगने वाले भारी-भरकम जीएसटी से जनता पहले से ही परेशान है। इस महंगाई के दौर में सरकार को ऐसी नीतियां बनानी चाहिए जिससे देश की विशाल आबादी को राहत मिल सके, लेकिन इसके बजाय सरकार केवल कुछ खास वर्गों को ध्यान में रखकर बजट तैयार कर रही है।मायावती ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा और असुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे देश के सामने विकराल रूप में खड़े हैं, लेकिन सरकार इन मुद्दों की अनदेखी कर रही है। इन समस्याओं का समाधान किए बिना देश की वास्तविक प्रगति संभव नहीं है। जब तक सरकार ईमानदारी से इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस कदम नहीं उठाएगी, तब तक आम जनता का जीवन संघर्षपूर्ण बना रहेगा। चुनावी फायदे को ध्यान में रखकर बनाई गई योजनाओं से न तो देश का कल्याण होगा और न ही समाज में खुशहाली आएगी। महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं को केवल वादों से नहीं मिटाया जा सकता,



कार्तिक आर्यन की आशिकी 3 की घोषणा फिल्म निर्माता अनुराग बसु ने की थी और तब से प्रशंसक यह जानने के लिए उत्साहित हैं कि क्लासिक फ्रैंचाइज़ की नई किस्त कैसी होगी। लंबे इंतजार और उच्च प्रत्याशा के बाद, आखिरकार फिल्म पर एक अपडेट आया है। अनुराग बसु ने हाल ही में, साथ एक साक्षात्कार के दौरान एक अपडेट साझा किया। उन्होंने कहा, हम अगले महीने शूटिंग शुरू करेंगे, और पुष्टि की कि वर्तमान में फिल्म प्री-प्रोडक्शन चरण में है।

जबलपुर दिन बुधवार 05 फरवरी 2025 दैनिक क्षितिज किरण 6

# बचपन में सुनती थी पालकी में होके सवार, नए सीजन का हिस्सा बनना शानदार : तान्या मानिकतला



अभिनेत्री तान्या मानिकतला मशहूर ट्रैक पालकी में होके सवार के नए सीजन में नजर आईं। तान्या ने बताया कि वह इस गाने को सुनते हुए बड़ी हुई हैं और नए सीजन का हिस्सा बनना उनके लिए शानदार रहा। प्रोजेक्ट के बारे में अपनी खुशी जाहिर करते हुए तान्या मानिकतला ने कहा, टिप्स टेक 2 का हिस्सा बनना एक शानदार मौका रहा है। मुझे याद है कि बचपन में मैं पालकी में होके सवार सुनती थी- यह एक ऐसा गाना था, जो हमेशा मेरे कानों में गूंजता था और यह मेरे बड़े होने पर भी हिस्सा बना। अब इसके नए सीजन का हिस्सा बनना अवास्तविक लगता है। अभिनेत्री ने कहा, नए सीजन में एक कमाल की क्वालिटी है और फिल्मांकन के दौरान मुझे इस गाने से जुड़ाव महसूस हुआ। मैं इस गाने और वीडियो की खूबसूरती और पुरानी यादों को सबके सामने लाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। तान्या इस ट्रैक में अभिनेता इश्वाक सिंह के साथ नजर आईं। दोनों इस गाने में नई एनर्जी के साथ नजर आए, जिसे शाहिद माल्या और असीस कौर ने गाया है।

मूल ट्रैक 1993 की फिल्म 'खलनायक' से है और इसे संजय दत्त और माधुरी दीक्षित पर फिल्माया गया था। इस गाने को अलका याग्निक ने गाया और बोल आनंद बख्शी ने लिखे हैं।

### अंदाज के सीक्वल का हुआ ऐलान, 3 नए चेहरों को लॉन्च कर रहे सुनील दर्शन

साल 2003 में आई फिल्म अंदाज हिंदी सिनेमा की यादगार फिल्मों में से एक है। सुनील दर्शन इस फिल्म के निर्माता थे। उन्होंने इसके जरिए अक्षय कुमार, लारा दत्ता और प्रियंका चोपड़ा को लॉन्च किया गया था।

अब सुनील ने लगभग 22 साल बाद अंदाज के सीक्वल का ऐलान कर दिया है।

खास बात यह है कि इस इस फिल्म के जरिए भी सुनील 3 नए चेहरों को बॉलीवुड के दर्शन करवाएंगे।

अंदाज 2 से नताशा फर्नांडीज, आयुष कुमार और आकिशा बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं।

नताशा ने सुनील की फिल्म एक हसीना थी एक दीवाना था में अभिनय किया था तो वहीं आयुष अभिनेता अभिषेक बच्चन की दसवीं में काम कर चुके हैं। आकिशा की यह पहली फिल्म होने वाली है।

# शॉर्ट ड्रेस पहन शमा सिकंदर ने शेयर किया बोल्ड लुक, एक्ट्रेस की मदमस्त अदाएं देख फैंस के उड़े होश

टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखक फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस शमा सिकंदर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनकी हॉटनेस और बोल्डनेस के चर्चे अक्सर सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से छा जाता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ बेहद ही ग्लैमरस फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर एक बार फिर से फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस शमा सिकंदर की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने फ्लोरल प्रिंट लुक में शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देते हुए अपने आउटलुक को कंप्लीट कर रही हैं।

कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये गॉर्जियस अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।



शमा सिकंदर जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोग उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट एंड गॉर्जियस। अन्य यूजर ने लिखा है- बेहद खूबसूरत हैं आप। ऐसे ही एक के बाद एक कॉमेंट आ रहे हैं।

## बोमन ईरानी की फिल्म द मेहता बॉयज का ट्रेलर जारी, पिता-पुत्र के रिश्ते पर आधारित है फिल्म

बोमन ईरानी और अविनाश तिवारी की फिल्म द मेहता बॉयज का ट्रेलर रिलीज हो गया है. फिल्म का ट्रेलर दिल छू लेने वाली और इमोशनल कहानी की झलक देता है. ट्रेलर देखकर लगता है कि फैमिली स्ट्रगल से भरपूर फिल्म पिता-बेटे के रिश्ते की सच्ची भावनाओं को बखूबी दर्शाने वाली है, जो गलतफहमियों और अनकही भावनाओं से जूझ रहा है. परिवार के स्ट्रगल, समझौते और दूसरे मौके देने की कहानी दिखाती फिल्म द मेहता बॉयज 7 फरवरी को रिलीज होगी. फिल्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी. फिल्म में बोमन ईरानी, अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी लीड रोल में हैं. बोमन ईरान ने फिल्म में अहम भूमिका निभाने के साथ-साथ इसे लिखा है, साथ ही फिल्म को डायरेक्ट और प्रोड्यूस भी किया है. द मेहता बॉयज को लेकर बोमन ईरानी ने कहा- मेरे लिए, द मेहता बॉयज एक बेहद पर्सनल जर्नी है. बाप-बेटे के बीच का रिश्ता सबसे मुश्किल और इमोशनल रिश्तों में से एक है. इस फिल्म के साथ, मैं ये दिखाना चाहता था कि दो ऐसे लोगों के बीच का बंधन, जो एक-दूसरे की बहुत परवाह करते हैं, कैसे समय, गलतफहमियों और अनसुलझे मुद्दों से परखा जा सकता है. ये एक ऐसी कहानी है जो सालों से मेरे साथ रही है और मैं इसे भारत और दुनिया भर के दर्शकों के साथ प्राइम वीडियो पर शेयर करने को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं. मैं पूरी कास्ट का तहे दिल से आभारी हूं, जिन्होंने अपने किरदारों को इतनी गहराई और सच्चाई के साथ निभाया. एक्टर अविनाश तिवारी ने फिल्म में बोमन ईरानी के बेटे अमय की भूमिका निभाई है. उन्होंने अपने रोल को लेकर कहा- अमय का किरदार मुश्किलों से भरा हुआ है, जो पारिवारिक निष्ठा और नाराजगी के बीच उलझा हुआ है. कुछ हालात उसे अपने पिता के साथ एक टकराव में ले जाते हैं, जो उसके नजरिए को बदल देते हैं. इस जर्नी को दिखाना मेरे लिए चुनौती से भरा और संतोषजनक दोनों था. मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं, जो परिवार के बंधन और सुलह जैसे विषयों को इतने जिंदादिल तरीके से पेश करती है.

# यामी गौतम की फिल्म धूम धाम का पहला गाना सिलसिला जारी, अरिजीत सिंह ने लगाए सुर

बॉलीवुड क्वीन यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'धूम धाम' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में एक्ट्रेस अभिनेता प्रतीक गांधी के साथ नजर आई हैं और दोनों की जोड़ी को ऑनस्क्रीन पहली बार देखा जा रहा है। हालांकि, फैंस भी दोनों को एक साथ काफी पसंद कर रहे हैं। इसी बीच अब निर्माताओं ने 'धूम धाम' का पहला गाना 'सिलसिला' जारी कर दिया है।

दरअसल, 'सिलसिला' को अरिजीत सिंह और जोनिता गांधी ने मिलकर गाया है। साथ ही सिद्धांत कौशल ने गाने को लिखा है। गाने में प्रतीक और यामी की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। 'धूम धाम' रोमांस और कॉमेडी से भरपूर फिल्म है, जिसमें शादी के इर्द-गिर्द मस्ती भरी कहानी को पेश किया जाएगा। वहीं फिल्म के लेखक यामी के पति आदित्य धर हैं और ऋषभ सेठ इस फिल्म के निर्देशक हैं। 'धूम धाम' को 14 फरवरी 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा।

आपको बता दें, इस गाने में कोयल (यामी गौतम द्वारा अभिनीत) और वीर (प्रतीक गांधी द्वारा अभिनीत) खुद को एक अप्रत्याशित रोमांच पर पाते हैं, एक निर्माणाधीन इमारत पर चढ़ते हुए, बेरहम गुंडों के एक समूह से बचते हुए। अराजकता के बीच, प्यार खिलना शुरू हो जाता है क्योंकि कोयल (यामी गौतम) और वीर (प्रतीक गांधी) धीरे-धीरे एक-दूसरे की अनोखी आदतों को स्वीकार करते हैं और उनकी सराहना करते हैं।

ट्रैक के बारे में बात करते हुए, संगीतकार शोर पुलिस ने कहा, सिलसिला उन ट्रैक में से एक है, जहां संगीत को स्वरों के साथ सांस लेना था। अरिजीत और जोनिता की आवाजें एकदम सही केमिस्ट्री बनाती हैं, और हमारा लक्ष्य व्यवस्था और ऑर्केस्ट्रेशन को उस तीव्रता को बिना हावी हुए पूरक बनाने देना था। गाने का हर नोट उस पल की भावना को दर्शाता है।

पैनोरमा म्यूज़िक के सीईओ राजेश मेनन ने रिलीज़ के बारे में बात करते हुए अपनी उत्तेजना शेयर की है। उन्होंने कहा कि पैनोरमा म्यूज़िक में, हम ऐसे संगीत को पेश करने में गर्व महसूस करते हैं जो विभिन्न शैलियों में श्रोताओं के साथ गूंजता है। सिलसिला प्रतिभाशाली कलाकारों और संगीतकारों के बीच रचनात्मक सहयोग का एक वसीयतनामा है, और हमें विश्वास है कि यह दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। धूम धाम के लिए इस संगीत यात्रा का हिस्सा बनना एक सौभाग्य की बात है।

### इंटरनेशनल लेवल पर जलवा बिखेरेगी छावा, भारत के साथ रूस में भी रिलीज होगी विक्की-रश्मिका की फिल्म

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर छावा 14 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। उसके पहले फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। दरअसल फिल्म इंटरनेशनल बनने वाली है इसकी शुरुआत रूस में फिल्म की रिलीज से हो रही है। छावा भारत के साथ ही रूस में 14 फरवरी को रिलीज होगी। विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अपनी की अपकमिंग पीरियड फिल्म छावा को मेकर्स रूस में रिलीज करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित यह पीरियड ड्रामा 14 फरवरी को रूस और भारत में एक साथ रिलीज होने वाली है। यह फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही दर्शक अब 14 फरवरी का इंतजार कर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म रूस में कैसा प्रदर्शन करती है।

रिलीज से पहले छावा को विरोध का सामना करना पड़ा है,

# सेहत के लिए अमृत से कम नही है संतरे का जूस, जानें पीने का सही तरीका!

इस समय के मौसम में मिक्स वातावरण देखने को मिलता है। दिन में धूप निकलने से गर्मी का अहसास होता है, जबकि सुबह-शाम और रात में ठंड का अहसास होता है। ऐसे में संतरे का जूस पीना कितना फायदेमंद हो सकता है और इसे कब पीना चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में...

इस बदलते मौसम में लोगों के मन में ये सवाल होता है कि किस फल का जूस पीना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है. लेकिन कितना और किस समय पी रहे हैं, यह बहुत जरूरी होता है. आप गन्ने का जूस पिएं या संतरे का या मौसंबी का सभी फायदेमंद होते हैं.

संतरे का जूस कब पिएं

सर्दी या गर्मी के मौसम में संतरे का जूस पीने का सही समय दोपहर का होता है, लेकिन संतरे का जूस खाली पेट भूलकर भी ना पिएं. इससे एसिडिटी हो सकती है. संतरे का जूस पीने के फायदों की बात करें तो ये जूस पीने से आपकी स्किन और बाल चमकदार हो सकती है. यह आपकी आंखों की रोशनी को भी बढ़ाता, चेहरे के कील-मुंहासों को दूर करता, दाग-धब्बों को मिटाता और झुर्रियों से छुटकारा दिलाने में मदद करता है.



इन समस्याओं में है कारगर

संतरे का जूस पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है. इसे पीने से सिर दर्द में आराम मिलता है और चक्कर आने जैसी समस्याएं दूर होती हैं. सर्दियों के मौसम में इम्यूनिटी को मजबूत रखता है यह जूस हाई कोलेस्ट्रॉल को भी कम करता है. संतरे का जूस नियमित सेवन से सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार का खतरा कम हो सकता है.

**मेरे हस्बैंड की बीवी का नया पोस्टर जारी, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत से इश्क लड़ाना अर्जुन कपूर को पड़ेगा भारी**

सिंघम अगेन में खलनायिकी से दर्शकों की रूह कंपाने वाले अभिनेता अर्जुन कपूर अब दो हसीनाओं से इश्क लड़ाते हुए नजर आएंगे। उनकी आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी का नया पोस्टर जारी हुआ है। साथ ही रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है।

इस साल जनवरी की शुरुआत में अर्जुन कपूर की आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी की अनाउंसमेंट हुई थी। एक वीडियो शेयर किया गया था जिसमें दो फीमेल शूज के बीच एक मेल शूज रखा है। वीडियो के जरिए हिंट दिया गया था

# अगर चेहरे पर चाहते हैं गुलाबी गाल तो आज से ही खाना शुरू कर दें कच्चे टमाटर

क्या आप हमेशा सुंदर और जवान दिखना चाहते हैं? इसलिए आपको रोजाना 2 कच्चे टमाटर खाने की आदत डालनी चाहिए। दरअसल, रोजाना लाल पके कच्चे टमाटर खाने की आदत शरीर को कई तरह की समस्याओं से बचा सकती है। लाल कच्चे टमाटर के सेवन से शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और फिर इसके एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं।

कच्चे टमाटर खाने के फायदे

1. गुलाबी गाल पा सकते हैं

गुलाबी गल पान में कच्चे टमाटर का सेवन करने से शरीर में खून बढ़ता है और त्वचा में निखार आता है। इसमें पोटेशियम, विटामिन ए, विटामिन बी और विटामिन सी होता है। लेकिन खास बात यह है कि इसका आयरन शरीर में खून को बढ़ाने में मददगार होता है, जिससे आपके शरीर के साथ-साथ आपके गालों पर भी वह गुलाबी रंगत नजर आएगी।



2. सनबर्न

सनबर्न को कम करने में टमाटर बहुत फायदेमंद होता है। यह त्वचा को एक्सफोलिएट करता है और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है। यह आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। टमाटर में मौजूद एंजाइम त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करने में मदद करता है और चेहरे में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाता है और सनबर्न को कम करने में मदद करता है।

3. झुर्रियां कम करने में मददगार

कोलेजन उत्पादन को उत्तेजित करने में कच्चे टमाटर बहुत फायदेमंद होते हैं। टमाटर का विटामिन सी कोलेजन उत्पादन को प्रोत्साहित करने में मदद करता है। साथ ही त्वचा की लोच में सुधार करने में मदद कर सकता है। जिससे आपकी त्वचा में निखार आ सकता है।

4. त्वचा को मॉइस्चराइज़ करता है रूखी त्वचा में खुजली, दरार और पपड़ी हो सकती है। विभिन्न लोशन और क्रीम रूखेपन का इलाज कर सकते हैं लेकिन समस्या को रोक नहीं सकते। हालांकि, टमाटर में मौजूद पोटेशियम एटोपिक डर्मेटाइटिस को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह चेहरे में हाइड्रेशन बढ़ाता है और त्वचा को अंदर से मॉइस्चराइज करने में मदद करता है।

## शब्द सामर्थ्य -314

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 313 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौ | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में मारपीट में घायल के उपचार हेतु सीएचसी पनागर लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को पंकज पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बुधारी थाना मझगंवा ने बताया कि उसका बड़ा भाई गगन पटैल आर्ट आफस्पाईस रेस्टोरेंट एन एच पनागर में काम करता है उसके पास आज फोन आया कि बड़ा भाई आर्ट आफस्पाईस के पीछे घायल पड़ा है उसने जाकर देखा 108 एम्बुलेंस खड़ी थी और भाई को एम्बुलेंस में लिटा रहे थे वह एम्बुलेंस के साथ पनागर अस्पताल आया उसने भाई गगन पटैल से पूछा क्या हुआ



**नर्मदा के तटों में आवश्यक व्यवस्थाओं पर निगमायुक्त की रही सतत् नजर ‍= अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर खुद भी पूरे समय डटी रहीं प्रीति यादव**

# नर्मदा जयंती पर नगर निगम की व्यवस्थाएँ रहीं चाकचौबंद - निगमायुक्त प्रीति यादव

**निगमायुक्त प्रीति यादव की कुशल प्रबंधन व्यवस्था की चहूँओर हुई सराहना**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नर्मदा जयंती का पर्व नर्मदा के सभी तटों के साथ-साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। जहाँ पर नगर निगम की व्यवस्थाएँ चाकचौबंद रहीं। इन सभी व्यवस्थाओं पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव खुद सतत् रूप से नजर रखीं रहीं और अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पूरे समय खुद भी डटी रहीं। इस संबंध में निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि माँ नर्मदा प्रकाटोत्सव पर्व पर कहीं किसी प्रकार से श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर उनकी खुद भी नजर रही और अधिकारियों की टीम भी पूरे मेला क्षेत्रों में भ्रमण कर एक-एक व्यवस्थाओं पर अपनी निगरानी रखते हुए श्रद्धालुओं को सुविधाएँ प्रदान करते नजर आए।

निगमायुक्त ने बताया कि तटों पर विशेष रूप से साफ-सफाई, प्रकाश, सड़कों की मरम्मत, यातायात को बेहतर प्रबंधन एवं अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ साज-सज्जा, पार्किंग, एनाउंसमेंट, कंट्रोल रूम के अलावा विभिन्न सहायता केन्द्रों के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को राहत प्रदान की गयी। इसके लिए मेला समिति प्रबंधन की ओर से प्रशासन की सराहना की गई तथा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के प्रति उत्तम व्यवस्था प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मेला अधिकारी एवं स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. अनुराग सिंह, अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, विद्यानंद बाजपेयी, श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, मनोज श्रीवास्तव, उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शीवेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा, नवीन लोनारे, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, क्रीड़ा अधिकारी राकेश तिवारी, संभागीय अधिकारी सागर बोरकर, संभागीय यंत्री पवन श्रीवास्तव, कविस मिश्रा, वीरेन्द्र पाण्डेय, आशीष पाठकर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, पोला राव, धर्मेन्द्र राज, आदि उपस्थित रहे।

# डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर व फीडर की प्रभावी मीटरिंग त्वरित गति से हो



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक व डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष श्री अविनाश लवानिया ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आरडीएसएस (रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) और जीआईएस (ज्योग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्ट्म) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर व फीडर की प्रभावी मीटरिंग त्वरित गति से की जाए। श्री लवानिया ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर इंस्टालेशन व जीआईएस में किए गए कार्यों की सराहना की। गत दिवस शक्तिभवन में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष श्री अविनाश लवानिया को पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी ने पूर्व क्षेत्र कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित में किए जा रहे कार्यों का प्रजेन्टेशन दिया। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अविनाश लवानिया ने पावर मैनेजमेंट कंपनी के कंट्रोल रूम, स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर और मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के स्काडा सेंटर का निरीक्षण भी किया। श्री अविनाश लवानिया ने पावर मैनेजमेंट कंपनी के स्टेट प्लानिंग सेल, सूचना प्रौद्योगिकी, पावर मैनेजमेंट, वित्त व लेखा कार्यालय के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और बिजली की रियल टाइम मांग व आपूर्ति कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए अन्य जानकारी ली। पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी ने एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक को स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर में बिजली की शेड्यूलिंग व डिस्पेच, ग्रिड ऑपरेशन, राज्य ग्रिड के माध्यम से प्रेषित बिजली की मात्रा का लेखा-जोखा, अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली के पर्यवेक्षण व नियंत्रण और बिजली प्रेषण के लिए वास्तविक समय संचालन कार्यप्रणाली की जानकारी से अवगत कराया। श्री लवानिया ने 220 केवी सब स्टेशन स्थि?त ट्रांसमिशन कंपनी के स्काडा सेंटर में ट्रांसमिशन लाइनों की रियल टाइम कार्यप्रणाली को भी देखा।



## आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 5 प्रकरण

जबलपुर। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 04 फरवरी 2025 को प्रात: 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा, अतिक्रमण, एवं संबल योजना से संबंधित 5 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# दिव्य भव्य महाकुंभ बन गया हरित महाकुंभ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पर्यावरणीय समस्याएं आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हैं। उनमें से एक है अपशिष्ट प्रबंधन। भारत यहां विश्व के लिए एक आंख खोलने वाला उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए तैयार है। उम्मीद है कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों से 450 मिलियन से अधिक श्रद्धालु तीन नदियों के संगम प्रयागराज में तैयार किए गए 30 वर्ग किलोमीटर के कुंभ शहर में 45 दिनों की अवधि में पहुंचेंगे। भारत की प्रथम आध्यात्मिक, धार्मिक और मठवासी संस्थाएं स्वच्छ जल, पौष्टिक भोजन और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराकर सेवा का एक उत्कृष्ट मॉडल बनाने के लिए आगे आई हैं। सरकार ने डिस्पोजेबल, प्लास्टिक और थर्मोकोल पर भी प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। लेकिन मेले के शहर (गंगा बेसिन) में प्रयुक्त और त्यागे गए कचरे, पत्तियों, भूसे और अन्य जैविक उत्पादों का प्रवाह बहुत अधिक था यह एक चुनौती होगी! जैविक कचरा खाने वाली हजारों चींटियां पहाड़ों पर जमा हो जाएंगी! शहर से कचरा एकत्र करना और दूर ले जाकर निस्तारण करना, जहां प्राय़ पैदल चलना भी असंभव होता है, न केवल समय और वित्तीय चुनौती उत्पन्न करता है, बल्कि संक्रामक रोगों और जल तथा पर्यावरण प्रदूषण की चुनौती भी उत्पन्न करता है, भले ही इसका निस्तारण कहीं और किया जाए। यदि सरकार के निषेध और नियंत्रण को अपना लक्ष्य प्राप्त करना है, तो समाज को सहयोगात्मक पहल करनी होगी।

जब शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि और शिक्षा के क्षेत्र में पर्यावरण कार्य में अन्य संस्थाओं शासन के अनुभव के साथ हाथ मिलाया, तो सुविधा जनक ढंग से 15 लाख से अधिक थैला, स्टील के थाली, और गिलास एकत्र किए गए। इसे हजारों शिविरों में नि:शुल्क पहुंचाया गया! प्रसाद को कटोरे में लें और बिना कुछ बचाए खा लें, कटोरे को धोकर वापस रख दें! भोजन देना एक महान उपहार माना जाता है। व्यक्ति, परिवार, संस्थाएं, मंदिर और मठ सभी भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। इस अभियान से घर-घर में कुंभ, जन जन में कुंभ, कुंभ में कुंभ के संदेश को सामाजिक, सांस्कृतिक तथा पर्यावरणीय रूप से सार्थक कर दिया है . इस कुंभ मेले से शुरू होगी अन्न प्रसाद के साथ-साथ पात्र दान की नई श्रृंखला! एक सरल एवं अनूठा अनुप्रयोग जो देश, काल और परंपरा के अनुरूप हिंदू जीवन को व्यक्त करता है। उत्तर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालय इसके लिए आगे आए हैं। कुछ सरकारी विश्वविद्यालयों ने 1000 से 10,000 प्लेटें और गिलास दान किये हैं। मेला नगरी में विश्वविद्यालयों के शिक्षक और छात्र समूह भोजन परोसने, बर्तन धोने में मदद करने, मेला नगरी में सफाई बनाए रखने, मेला स्थल का रास्ता दिखाने और अपने खाली समय में योग, वैदिक गणित, संस्कृत और एआई का अध्ययन और प्रशिक्षण करने के लिए मौजूद हैं। . बच्चे 7 दिन, 14 दिन, 21 दिन और एक महीने की समय-सीमा के भीतर पहुंचते हैं। इसे उनकी पढ़ाई का हिस्सा माना जाएगा! शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने भी श्रमणबुद्ध इंटर्नशिप प्रमाण पत्र प्रदान करने का प्रावधान किया है। । हरित कुंभ, समाज में होने वाले परिवर्तन का एक नया स्वरूप होगा, जब सरकार और सामाजिक संगठन सहयोगी बन कार्य करेंगे। हरित कुंभ राष्ट्रीय सम्मेलन 5 और 6 फरवरी को आयोजित किया जाएगा जिसका उद्देश्य इस प्रयोग के परिणामऔर प्रभाव को कल की शिक्षा का अभिन्न अंग बनाना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण गतिविधि प्रमुख श्री. गोपाल आर्य, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास डॉ.अतुल कोठारी तथा प्रमुख भारतीय विचारक डॉ.विनयसहस्त्र बुद्धे ,श्री सीता राम अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं प्रमुख शिक्षक और शोधार्थी भी भाग लेंगे तथा अपने अपने अपने कार्य क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के व्यावहारिक पक्ष पर चर्चा और संकल्प लेंगे.अलग अलग शिक्षा संस्थानों के माध्यम से उई सफल प्रयोगों का प्रस्तुतीकरण और प्रदर्शनी आयोजित कोई जाएगी. इस प्रकार यह महाकुंभ सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पक्षों पर प्रकाश डालने वाला वास्तविक हरित कुंभ बन गया है.

लेखक ,ए. विनोद, राष्ट्रीय संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास

# सड़क पर अतिक्रमण कर बना रहे मकान

**शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गोरखपुर क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा मकान को सड़क तक कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण यहां आने जाने वालों को काफी परेशानी का कामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों द्वारा इसकी शिकायत नगर निगम में करने के बाद भी अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करने वालों के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार स्व. पुरुषोत्तम लाल म.नं. 2620. आर्य समाज मंदिर के पीछे बस्ती कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर में अनीता सोनकर और उनके पुत्र द्वारा अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। 20 फुट की रोड 5 फुट कर दी। अतिक्रमण करके कब्जा किया जा रहा है। जिसके कारण सड़क पर आवागमन करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमणकारी द्वारा बिना अनुमति के मकान का पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण चारों तरफ से निर्माण किया जा रहा है। मोहल्ले के कुछ लोगों द्वारा इस बात का विरोध किया गया तो अतिक्रमणकारी द्वारा यह कह दिया गया कि किसी को भी रोड से निकलने नहीं दिया जाएगा।

निगम आयुक्त से की थी शिकायत

स्थानीय निवासियों ने नगर निगम आयुक्त को इस संबंध में शिकायत करते हुए बताया था कि उक्त भवन के दस्तावेजों को देखा जाए कि अतिक्रमणकारी जितने में मकान का निर्माण कर रहे हैं क्या उतने क्षेत्रफल का उनके पास लिखित प्रमाण है या नहीं एवं उक्त भूमि का वर्तमान में उसके बावजूद भी कब्जाधारक उक्त भूमि पर मकान बना रहा है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि निरीक्षण कर अतिक्रमणकारी से दस्तावेज जांच कर जितनी उनकी भूमि है उतने में ही निर्माण कार्य की अनुमति दें ताकि हम सभी को आवागमन में होने वाली असुविधा का सामना न करना पड़े।

**बीएमडी स्कूल में बाबू मनमोहनदास 50 वां स्मृति दिवस एवं शाला दिवस का आयोजन**

# निशा, आभा, नेहल, स्वाति और प्रगति को मिला करुणा चांडक मेमोरियल मेरिट स्कॉलरशिप अवार्ड







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नारी शिक्षा के बिना कोई समाज प्रगति नहीं कर सकता। नारी शिक्षा के माध्यम से ही हम स्वयं को बेहतर बना सकते हैं। इसी सोच के साथ बाबू मनमोहनदास बालिका शिक्षा के हिमायती रहे। मानव सेवा के लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। इसी तरह उनकी बेटी करूणा चांडक भी अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़कर बालिका शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उक्त बातें बाबू मनमोहनदास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दीक्षितपुरा में टॉपर छात्राओं को स्व. करूणा चांडक मेमोरियल मेरिट स्कॉलरशिप प्रदान करते समय अतिथियों ने कहीं।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश जस्टिस श्रवण शंकर झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा, विशेषकर बालिका शिक्षा और समाज के पिछड़े वर्गों के प्रति मनमोहनदास जी की दूरदृष्टि हमेशा से सकारात्मक रही है। उन्होंने निश्चित तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किया है। हितकारिणी सभा के सचिव बाबू विश्वामोहन ने कहा कि महाकोशल में हितकारिणी सभा हमेशा से बेहतर शिक्षा प्रदान करता आ रहा है। गुणवत्तायुक्त शिक्षा हमारी हमेशा से प्राथमिकता रही है। हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्यनिरंजन खंपरिया ने अपने संबोधन में कहा कि हितकारिणी सभा का गौरवशाली इतिहास अपने में अनेक स्वर्णिम सोपानों को समेट कर रखा है। शिक्षा, विशेषकर कर बालिका शिक्षा और समाज के पिछड़े वर्गों के प्रति हितकारिणी सभा के विजन में हमेशा से सकारात्मक सोच झलकती रही है।

इस अवसर पर कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं निशा कोष्टा, आभा अग्रवाल, नेहल वर्मा, स्वाति बघेल और प्रगति कोष्टा को स्व. करूणा चांडक मेमोरियल मेरिट स्कॉलरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। सभी छात्राओं ने गत वर्ष कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे। यह अवार्ड मंगलवार को बाबू मनमोहनदास के 50 वें स्मृति दिवस समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। इसी तरह कक्षा 12 वीं मेरिट सूची में आने वाली छात्राओं रेवा विश्वकर्मा, आयुषी ताम्रकार, नेहा पटेल, इकरा अरशिफा और कक्षा आठवीं और पांचवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों क्रमश: आकृति पटेल और यशस्व नामदेव को भी प्रमाणपत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश जस्टिस श्रवण शंकर झा, विषिष्ट अतिथि हितकारिणी सभा के अध्यक्ष और पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खंपरिया, सभा के सचिव और समाजसेवी बाबू विश्वमोहन, संयुक्त सचिव मुकुल खंपरिया, विद्या परिषद के सचिव जयेश राठौर, हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के शासी निकाय अध्यक्ष और विधिवेत्ता एड रमेश श्रीवास्तव, हितकारिणी महिला महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष और शिक्षाविद डॉ केके हूंका, हितकारिणी विज्ञान, वाणिज्य और कला महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष शिवदत्त मिश्रा, प्रभारी अधिकारी सुबोध दुबे, वित्त नियंत्रक सतीश रांका, प्राचार्य माधुरी शुक्ला प्राधानाचार्य चित्रा परिहार सहित विभिन्न स्कूल, कॉलेजों के प्राचार्य, स्टाफ एवं स्टुडेंट्स उपस्थित रहे। मंच संचालन, कीर्ति चौहान, सरिता ठाकुर और मीना बन्ने ने किया।

# हितग्राही खाता धारक की मृत्यु पर जीवन ज्योति बन रहा सहारा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत कवर होने वाले हितग्राहियों को उनकी मृत्यु पर खाताधारी हित धारकों के परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक शाखा द्वारा किए जाने वाले फटाफट भुगतान प्रक्रिया से खासी राहत मिलती देखी जा रही है ऐसे ही दो मामले बरगी नगर एसबीआई ब्रांच में देखने मिले इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक शाखा बरगी नगर के शाखा प्रबंधक रवि रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत हरदुली बरगी नगर रेस्ट हाउस के सामने वाले मोहल्ले में रहने वाली कुरेश बी का 5 नवंबर 2024 में अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था पर उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा करवा रखा था इसका लाभ उनके बड़े बेटे शाहिद मंसूरी ने 11 जनवरी को क्लेम फाइल किया और उन्हें 31 जनवरी को शाखा द्वारा भुगतान प्राप्त हो गया था इसी तरह से मीराबाई यादव 14 जनवरी को एक्सपायर हुई और उनके पति नरेश यादव द्वारा 18 जनवरी को क्लेम फाइल करने पर उन्हें भी 31 जनवरी को खाते में ?200000 की राहत सहायता राशि प्राप्त हो गई थी इस संबंध में नरेश यादव और शाहिद मंसूरी का कहना है कि गरीब ग्रामीणों के लिए भारतीय स्टेट बैंक में खाता खुलवाने तथा खाता खुलवाकर छोटे-छोटे बीमा योजनाओं का लाभ लेना विपरीत परिस्थिति में बहुत ही मददगार साबित हो रहा है जिससे क्षेत्रीय ग्रामीण में उक्त बीमा योजनाओं पर भरोसा बढ़ता जा रहा है यह समूह बीमा योजना है जिससे कम प्रीमियम भुगतान कर अब तक क्षेत्र के कई लोग लाभान्वित हो चुके हैं

12 लाख के लोन पर 12 लाख कवरेज मिला

इस संबंध में शाखा प्रबंधक रवि रंजन ने बताया कि रामकुमार नागवंशी जो की पेशे से एक शिक्षक थे और उनकी सामान्य परिस्थितियों में मृत्यु हुई थी उन्होंने बरगी नगर शाखा से 12 लाख रुपए का पर्सनल लोन लिया हुआ था और दो किस्ते ही भुगतान कर पाए थे लगभग साढे सात लाख रुपए की आउट अंडरस्टैंडिंग उन पर निकल रही थी पर उन्होंने लोन के साथ 12 लाख रुपए का बीमा कवरेज भी ले रखा था इस वजह से उन्हें इंश्योरेंस कंपनी द्वारा ?12 लाख का भुगतान प्राप्त हुआ जिससे उनके परिवार की विपरीत परिस्थिति में बड़ी मदद हो सकी ।

# गोपाल विट्ठल बने जीएसएमए बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष



गुरुग्राम- भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी, गोपाल विट्ठल को जीएसएमए बोर्ड का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तब हुई जब टेलीफोनिका के चेयरमैन और सीईओ, जोसे मारिया एलवारेस - पैलेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

हाल ही में, गोपाल विट्ठल को दूसरी बार जीएसएमए बोर्ड का डिप्टी चेयर चुना गया था। इससे पहले, वह 2019 - 2020 के दौरान भी बोर्ड के एक महत्वपूर्ण सदस्य रह चुके हैं। उनके पास दूरसंचार क्षेत्र में गहरा अनुभव है और यह नियुक्ति उनकी नेतृत्व क्षमता और विशेषज्ञता को दर्शाती है।


जीएसएमए दूरसंचार उद्योग का एक वैश्विक संगठन है, जो 1100 से अधिक कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के साथ - साथ हैंडसेट और डिवाइस निर्माता, सॉफ्टवेयर कंपनियां, नेटवर्क उपकरण प्रदाता और इंटरनेट कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा, इससे जुड़ी कई अन्य संस्थाएं भी दूरसंचार उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुआ पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी और एनटीपीसी में बिजली क्रय करने का अनुबंध



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य की दीर्घकालिक ऊर्जा मांग की आपूर्ति के लिये एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी ने एनटीपीसी के साथ बिजली क्रय करने के लिये भोपाल में अनुबंध किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे। अनुबंध पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी के एमडी श्री अविनाश लवानिया और एनटीपीसी के जनरल मैनेजर श्री शंकर सरण के बीच हुआ।

एनटीपीसी के पश्चिम क्षेत्र के रीजनल एक्सक्यूटिव डायरेक्टर श्री पीके मिश्रा ने बताया कि एनटीपीसी द्वारा नरसिंहपुर में गाडरवाडा में स्टेज-2 के अंतर्गत 800-800 मेगावॉट की दो यूनिट स्थापित की जा रही हैं। इनमें से 800 मेगावॉट बिजली केन्द्रीय नियामक आयोग द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर मध्यप्रदेश को मिलेगी। इनमें उत्पादन 2030-31 शुरू करने का लक्ष्य है। एनटीपीसी द्वारा गाडरवाडा में स्टेज-1 में 800-800 मेगावॉट की दो यूनिट वर्तमान में स्थौपित है। इनमें भी 800 मेगावॉट बिजली मध्यप्रदेश को मिल रही है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश के विकास में एनटीपीसी के योगदान का स्वागत है। उन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों से नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी कार्य करने के संबंध में चर्चा की। अपर मुख्य सचिव श्री मंडलोई ने भोपाल में होने वाली आगामी ग्लोबल इंस्वेटर्स समिट में शामिल होने और ऊर्जा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के लिये अनुबंध करने के संबंध में बात की। एनटीपीसी के अधिकारियों ने न्यूक्लियर एनर्जी, पम्प स्टोरेज, नवकरणीय ऊर्जा और पॉवर ट्रेडिंग के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में सुबह ललित ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी नई बस्ती झंडा चौक रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है उसका साथी मोहित गोंड़ अपनी मालकिन हेमलता का स्कूटी से मझौली लेकर गया था मझौली से वापस आते समय शाम लगभग 7 बजे बम्हनौदा रोड़ एन एच 30 पनागर के बीच मोटर सायकल क्रमांक एमपी 49 एम जी 4438 का चालक अपनी मोटर सायकल को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये मोहित की स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दिया

# नर्मदा प्रकट्योत्सव पर उमड़ा जनसैलाब, ग्वारीघाट सहित सभी घाटों पर श्रद्धालुओं ने किया पूजन, अर्चन, अभिषेक







## मां नर्मदा जन्मोत्सव के उपलक्ष में मां नर्मदा जी को 2100 फीट की चुनरी अर्पित कर किया श्रृंगार





जबलपुर/ मां नर्मदा चुनरी पदयात्रा समिति के अध्यक्ष रामदास यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में मां नर्मदा श्रद्धालु भक्तों के साथ 2100 फीट की विशाल चुनरी मां नर्मदा जी के जन्म उत्सव के उपलक्ष में मां नर्मदा जी को सिद्ध धाम ग्वारीघाट में पूजन आरती के साथ इस तट से उस पार तट तक चुनरी अर्पित कर श्रृंगार किया गया। चुनरी चढ़ाने के दौरान शामिल हजारों की संख्या में माताएं, बहनें, बच्चे, युवा, बुजुर्गों ने मां नर्मदा जी के जयकारे लगाते हुए अपनी अपनी मनोकामनाओं को पूर्ण करने की मन्नत मांगी। इस अवसर पर रामदास यादव, संदीप यादव, ईश्वरी पटेल,अमन यादव, सतीश एवं बड़ी संख्या में नर्मदा कार्य सेवक सामिल रहे।

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर में नर्मदा प्राकट्योत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है. आज ब्रम्ह मुहूर्त से ही ग्वारीघाट सहित अन्य नर्मदा तटों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही. जिन्होने पुण्य सलिला मां रेवा के पावन जल में स्नान कर पूजन-अर्चन किया. इस मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने नर्मदा मिशन के संस्थापक समर्थ गुरु भैया जी सरकार के साथ ग्वारीघाट पहुंचकर मां नर्मदा का दूध से अभिषेक कर गुलाब के फूल अर्पित किए.

पंडितों के अनुसार आज का यह दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन मां रेवा प्रकट हुई थी. नर्मदा ही देश की एकमात्र नदी है जिनके दर्शन से ही पुण्यलाभ की प्राप्ति होती है. जिसके चलते देर रात से ही श्रद्धालुओं का नर्मदा जी के ग्वारीघाट, जिलहरी, तिलवारा, उमा, लम्हेटाघाट, भेड़ाघाट, सहित अन्य घाटों पर आना शुरु हो गया था. जिन्होने भीड़ से बचने के लिए ब्रम्ह मुहूर्त में ही पहुंचकर पूजन-अर्चन शुरु कर दिया. ऐसा कहा जा रहा है कि आज सुबह से अभी तक सभी घाटों पर पांच लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं का आगमन हो चुका है. भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई है. यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए रामपुर मार्ग को वन-वे किया गया है. जबकि वापसी के लिए तिलहरी की ओर जाने वाला मार्ग निर्धारित किया गया है. घाट तक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल से घाट तक ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है. भंडारों के लिए भी विशेष स्थान निर्धारित किए गए हैं. पंडितों का कहना है कि शास्त्रों के अनुसार मां नर्मदा ही एकमात्र ऐसी नदी है जिनकी परिक्रमा की जाती है. उनके दर्शन मात्र से ही मोक्ष एवं पुण्य फल की प्राप्ति हो जाती है. नर्मदा प्रकाट्योत्स्व पर जबलपुर ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी लोग ग्वारीघाट पहुंचे.

कैबिनेट मंत्री ने भैया जी सरकार के साथ की महाआरती-

कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने नर्मदा मिशन के संस्थापक दादा गुरु समर्थ भैया जी सरकार के साथ नर्मदा महाआरती की. इस दौरान उन्होंने कहा की इतने वर्षों के बाद उनको नर्मदा प्राकट्योत्सव पर दादा गुरु के साथ पूजन का मौका मिला है. उन्होंने जो कहा कि नर्मदा किनारे एक पौधा लगाना ही मां की सच्ची सेवा है. इस पर सभी को अमल करना चाहिए. नर्मदा का शुद्धि करण सभी का संकल्प हो ऐसी नर्मदा भक्तों से अपील भी है.

## टिकट दलालों पर रेलवे सुरक्षा बल ने की कार्रवाई



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। भारतीय रेलवे में अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु पश्चिम मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल (ञ्क्क्न) द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और पारदर्शी सेवा सुनिश्चित करना है। रेलवे एक?ट 143 के तहत, किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा रेलवे टिकटों का अवैध तरीके से व्यापार करना, अधिक दाम पर बेचना या अन्य किसी तरीके से टिकटों की कालाबाजारी करना कानूनी अपराध है। इस एक्ट के तहत जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है। इसी कड़ी में ऑपरेशन उपलब?ध के तहत माह जनवरी 2025 के दौरान अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे एक?ट की धारा 143 के तहत 08 प्रकरण दर्ज कर 09 व?यक्तियों की गिरफ्तारी करते हुए 12,53,260 रूपये की रेल टिकट जब?त की गई।

मुख्य बिंदु- 1) कानूनी कार्रवाई- दोषियों के खिलाफ जुर्माना और दण्ड का प्रावधान। 2) अवैध गतिविधियों पर रोक- टिकटों की कालाबाजारी और अवैध बुकिंग पर नियंत्रण। 3) रेलवे प्रशासन की पहल- यात्रियों को सुरक्षित, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है। रेलवे विभाग ने यात्रियों से अपील की है कि वे टिकट केवल आधिकारिक रेलवे काउंटरों और ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्मों से ही बुक करें। अवैध बुकिंग से बचने के लिए कृपया हमेशा अधिकृत स्त्रोतों से ही टिकट प्राप्त करें। रेलवे सुरक्षा बल की यह कार्रवाई यात्रियों को सुरक्षित यात्रा की सुनिश्चितता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## फिल्मी स्टाइल में भाग रही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर स्थित बिलहरी रोड पर देर रात फिल्मी स्टाइल में भाग रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई. हादसे में कार के साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. वहीं कार चालक घायल हो गया. मौके पर पहुंची गोराबाजार थाना पुलिस ने कार को जब्त कर जांच शुरु कर दी है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर से कार चालक बरेला की ओर रवाना हुआ. फिल्मी स्टाइल में 120 की स्पीड में कार चला रहा युवक बिलहरी के पास अपना संतुलन खो बैठा और कार घिसटते हुए एक पेड़ से टकरा गई. जिससे कार के एक साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. वहीं कार चालक के शरीर पर गंभीर चोटें आई. कार के पेड़ से टकराने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल गए, वहीं खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने सीसीटीवी के फुटेज निकाले. पुलिस ने कार को जब्त करते हुए चालक की तलाश शुरु कर दी है. कहा जा रहा है कि दुर्घटना में कार चालक के शरीर पर भी गंभीर चोटें आई है.

# बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हुए 8 नाबालिग

**चौकीदार के सिर पर किया ताले से हमला, मोबाइल-चाबी छीन छत से कूदे; एक के पिता ने भागने में की मदद**




**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर में गोकलपुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह के आठ नाबालिग भाग निकले. नाबालिगों ने भागने से पहले चौकीदार से गेट की चाबी छीनने की कोशिश की. चौकीदार ने जब चाबी नहीं दी तो उसके सिर पर ताला से हमला कर दिया. फिर छत से कूदकर भाग निकले. खबर है कि एक नाबालिग को भागने में उसके पिता ने मदद की है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ के बाद नाबालिगों की तलाश शुरु कर दी है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार गोकलपुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह के चौकीदार राजेन्द्र कुमार पटेल ने पूछताछ में बताया कि रात 8 बजे के लगभग सभी बच्चों ने भोजन किया. इसके बाद सभी अपने अपनपे कमरे में सोने के लिए चले गए. देर रात राजेन्द्र कुमार गेट पर बैठा ड्यूटी कर रहा था, इस दौरान 8 नाबालिग पहुंचे और गेट की चाबी मांगी. चौकीदार ने चाबी देने से मना करते हुए सभी को कमने में जाने के लिए कहा, जिसपर वे भड़क गए और लोहे के ताले से सिर पर हमला कर चाबी छीनने की कोशिश की. चाबी न मिलने पर सभी 8 बालक छत से कूदकर भाग गए. नाबालिगों ने भागते हुए चौकीदार का मोबाइल फोन भी छीन लिया था ताकि वह किसी को फ ोन न कर सके. पुलिस का कहना है कि बाल संप्रेक्षण गृह से फरा सभी नाबालिग 17 से साढ़े 17 साल के हैं. इनमें से चार नाबालिगों को करीब 15 दिन पहले ही अवैध पिस्तौल लेकर घूमने, मारपीट करने के आरोप में पकड़कर बाल न्यायालय में पेश किया था. जिन्हे बाल संप्रेषण भेजा गया था. बताया जा रहा है कि फरार हुए सभी नाबालिग आदतन अपराधी हैं जो इससे पहले भी कई बार बाल संप्रेषण गृह में आ चुके हैं.

**एक नाबालिग के फोन करने पर पिता कार लेकर पहुंच गया-**

खबर है कि एक नाबालिग ने फरार होने से पहले चौकीदार के मोबाइल फोन से अपने पिता को फोन किया. इसके बाद वे लोग बाल संप्रेक्षण गृह से भागकर मुख्य मार्ग पर पहुंचे. जहां पर नाबालिग का पिता पहले से अपनी कार लेकर रोड पर खड़ा रहा. ऐसा माना जा रहा है कि सभी 8 नाबालिग कार में बैठकर ही फ रार हुए है.

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .105 दिनांक - 04/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मोहम्मद हारून सौदागर, पिता- हाजी मोहम्मद इकबाल** ने भवन क्रं. 850 **वार्ड महात्मा गांधी वार्ड**, क्षेत्रफल 505 व.फु., भूतल 216 व.फु. व्या., प्रथमतल 216 व.फु. व्या., द्वितीयतल 216 व.फु. व्या., , **वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 850 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री एम. इकबाल, पिता- अब्दुल हई भवन क्रं. 850 पिन नं. 1000367150/ 42000918 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .102 दिनांक - 30/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अमित साहू, पिता- राजकुमार साहू** ने भवन क्रं. 984 **वार्ड महात्मा गांधी वार्ड**, क्षेत्रफल 290 व.फु., प्रथमतल 290 व.फु. आ., द्वितीयतल 290 व.फु. आ., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 984 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री पन्ना लाल केशरवानी, पिता- प्यारे लाल केशरवानी, भवन क्रं. 984 पिन नं. 41301250/ 1000369918 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 03.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अंचल जैन, पति- श्री विकास जैन** ने भवन/ क्रमांक 990 **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 569 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 990 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 03.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती राजकुमारी खटीक, पति- प्रमोद कुमार चौधरी ( खटीक )** ने भवन/ क्रमांक 560 **वार्ड खेरमाई वार्ड,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 968 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 560 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/277 जबलपुर दिनांक 04.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री अशोक कु. रैकवार, पिता श्री किशनलाल रैकवार, 2. श्री मोहित रैकवार, पिता श्री अशोक कुमार रैकवार** ने मकान नं. 3299 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000351738, क्षेत्रफल 1560 व.फु., भूतल 1000 व.फु. स्वयं उपयोग, 200 व.फु. कामर्शियल स्वयं, प्रथमतल 1200 व.फु. रहवास, तहखाना- 500 व.फु. , **वसीयतनामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/217 दिनांक 04.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रचना फौजदार, पति- श्री अमित दुबे** ने मकान नं. 750 न्यू जगदम्बा कॉलोनी , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** भूतल 900 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 369 दिनांक 03.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री कृष्ण गोपाल सक्सेना, पिता- स्व. श्री रामचरण सक्सेना** ने मकान नं. 245 , सम्पत्ति पिन नं. 1000504880 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड** , क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1600 व.फु., प्रथमतल 1600 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 368 दिनांक 03.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री संजय केशरवानी, पिता- श्री रामकिशन केशरवानी, 2. श्रीमती प्रीति केशरवानी, पति- श्री संजय केशरवानी** ने मकान नं. 1283/1अ , सम्पत्ति पिन नं. 1000626196 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड** , क्षेत्रफल 815 व.फु., भूतल 500 व.फु., प्रथमतल 350 व.फु., द्वितीयतल 648 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 367 दिनांक 03.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री अभिषेक बंका, पिता- श्री सुरेश बंका, 2. श्रीमती सारिका बंका, पति- श्री अभिषेक बंका** ने मकान नं. प्लाट क्रं. 80 , सम्पत्ति पिन नं. 1003025639 **वार्ड मदन महल वार्ड** , क्षेत्रफल 500 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -100, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 04.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **अनुश्री यादव, पिता श्री चन्द्रप्रकाश यादव** ने मकान नं. 75, पिन नं. 1000417084 **वार्ड अम्बेडकर वार्ड,** भूतल 7527 व.फु., प्रथमतल 2613 व.फु. , **आधार कार्ड, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्रीमती श्यामा बाई बेवा, पति- स्व.श्री लक्ष्मी नारायण यादव, मकान नं. 75, पिन नं. 1000417084 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अतः जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999